DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE

डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय

(University of Delhi)

Accredited with B+ grade by NAAC

Bulletin of Information
Undergraduate Courses
2018-19

Inspiring the Future...

"शिक्षा ऐसी वस्तु है जिसे प्रत्येक व्यक्ति की पहुंच के अंदर लाया जाना चाहिए ..... शिक्षा को सभी संभव तरीकों से और अधिकतम संभव तक सस्ता बनाया जाना चाहिए....."

(डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, बॉम्बे विधान सभा डिबेट्स, खंड VI

दिनांक 28 अगस्त, 1939, पृष्ठ संया 1033 37)

कॉलेजों में कट ऑफ सूचियों, दस्तावेजों के सत्यापन, दाखिले के अनुमोदन तथा दाखिला शुल्क* के ऑनलाइन भुगतान की घोषणा का कार्यक्रम		
क्रियाकलाप	तारीख	समय*
ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारंभण	15 मई, 2018 (मंगलवार) अपराह्न 6.00 बजे से 07 जून, 2018 (बृहस्पतिवार) अपराह्न 6.00 बजे तक	
कॉलेजों द्वारा पहली दाखिला सूची की अधिसूचना	19 जून, 2018 (मंगलवार)	
दस्तावेज़ों का सत्यापन और दाखिले का अनुमोदन	19 जून, 2018 (मंगलवार) से 21 जून, 2018 (बृहस्पतिवार) तक	9.30 बजे पूर्वाह्न से 1.30 अपराह्न
कॉलेजों द्वारा दूसरी दाखिला सूची की अधिसूचना	25 जून, 2018 (सोमवार)	
दस्तावेज़ों का सत्यापन और दाखिले का अनुमोदन	25 जून, 2018 (सोमवार) से 27 जून, 2018 (बृहस्पतिवार)	9.30 बजे पूर्वाह्न से 1.30 अपराह्न
कॉलेजों द्वारा तीसरी दाखिला सूची की अधिसूचना	30 जून, 2018 (शनिवार)	
दस्तावेज़ों का सत्यापन और दाखिले का अनुमोदन	30 जून, 2018 (शनिवार) से 03 जुलाई, 2018 (मंगलवार)	9.30 बजे पूर्वाह्न से 1.30 अपराह्न
कॉलेजों द्वारा चौथी दाखिला सूची की अधिसूचना	06 जुलाई, 2018 (शुक्रवार)	
दस्तावेज़ों का सत्यापन और	06 जुलाई, 2018 (शुक्रवार) से 09	9.30 बजे पूर्वाह्न

दाखिले का अनुमोदन	जुलाई, 2018 (सोमवार)	से 1.30 अपराह्न
कॉलेजों द्वारा पांचवीं दाखिला सूची (यदि कोई है) की अधिसूचना	12 जुलाई, 2018 (बृहस्पतिवार)	
दस्तावेज़ों का सत्यापन और दाखिले का अनुमोदन	12 जुलाई, 2018 (बृहस्पतिवार) से 14 जुलाई, 2018 (शनिवार)	9.30 बजे पूर्वाह्न से 1.30 अपराह्न
संदर्भ : *दिल्ली विश्वविद्यालय के सूचना बुलेटिन 2018-19 के अनुसार। **टिप्पणी:** (क) सारणी में दिया गया समय, कॉलेज में दस्तावेज़ों के सत्यापन और दाखिले के अनुमोदन के लिए है। कॉलेज द्वारा दाखिले का अनुमोदन कर दिए जाने पर, अभ्यर्थी को, उस विच्छेदन सूची, जिसमें आवेदक दाखिला ले रहा/रही है, **के अंतिम दिन के 12.00 बजे दोपहर तक ऑनलाइन दाखिला शुल्क का भुगतान करने की अनुमति है।** (ख) अगली सूचियां और अन्य पिछड़ा वर्ग सीटों का रूपांतरण, यदि आवश्यक हो, बाद में दाखिले की अंतिम तारीख के साथ अधिसूचित किया जाएगा।		

(i) प्राचार्य का स्वागत संबोधन	19 जुलाई, 2018 को पूर्वाह्न 10.00 बजे
(ii) संबंधित विभागों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम	19 जुलाई, 2018 को पूर्वाह्न 11.00 बजे

शैक्षिक कैलेंडर (2018 19)*		
क्रियाकलाप	**सेमेस्टर I/III/V**	**सेमेस्टर II/IV/VI**
कक्षाओं का प्रारंभण	20 जुलाई, 2018 (शुक्रवार)	01 जनवरी, 2019 (सोमवार)
मध्यावधि सेमेस्टर विराम	15 अक्तूबर, 2018 (सोमवार) से 21 अक्तूबर, 2018(रविवार)	18 मार्च, 2019 (सोमवार) से 24 मार्च, 2019 (सोमवार)
मध्यावधि सेमेस्टर विराम के पश्चात कक्षाओं का प्रारंभण	22 अक्तूबर, 2018 (सोमवार)	25 मार्च 2019 (सोमवार)
कक्षाओं का भंग, तैयारी छुट्टी और प्रयोगात्मक परीक्षाओं का प्रारंभण	16 नवंबर, 2018 (शुक्रवार)	29 अप्रैल, 2019 (सोमवार)
सैद्धांतिक परीक्षाओं का	30 नवंबर, 2018 (बृहस्पतिवार)	10 मई, 2019 (शुक्रवार)

प्रारंभण		
शीतकालीन विराम/ ग्रीष्मकालीन अवकाश	17 दिसंबर, 2018 (सोमवार) से 31 दिसंबर, 2018 (सोमवार)	26 मई, 2019 (रविवार) से 19 जुलाई, 2019 (शुक्रवार)
टिप्पणी : दिल्ली विश्वविद्यालय की अधिसूचना संख्या एकेड.I/299/एकेडेमिक कैलेंडर/533 दिनांक 12 अप्रैल, 2018		

प्रोस्पैक्टस समिति : डॉ. इंदिवर मिश्रा (संचालक), डॉ. सुनीता मलिक (सह संचालक), सभी प्रभारी अध्यापक, सदस्य, श्री कनिष्क नौटियाल, गैर अध्यापन वर्ग से।

विषय वस्तु

पृष्ठ संख्या

अध्यक्ष महोदय का संदेश

प्राचार्य का संदेश

I. कॉलेज के बारे में --- 10

II. प्रस्तावित पाठ्यक्रम 11

III. दाखिला सूचना 12

IV. विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) 26

V. व्यावसायिक पाठ्यक्रम 28

VI. शुल्कों और देय राशियों की अनुसूची 68

VII. कॉलेज अवसंरचना 78

VIII. आंतरिक जनोपयोगी सेवाएं 81

IX. क्लास रूम से परे ज्ञानार्जन : एक हॉलिस्टिक विकास की ओर 82

X. परिसर जीवन : सूचना और दिशानिर्देश 92

XI. अनुशासन 97

XII. शैक्षिक और खेलकूद के क्षेत्र में प्रमुख उपलब्धियां 101

XIII. प्रत्येक पाठ्यक्रम के वर्ष-वार परिणाम (2013 2017) 105

XIV. कॉलेज प्रशासन 105

XV. 2018 19 के लिए कॉलेज समिति 106

अध्यक्ष महोदय का संदेश

प्रिय छात्रगण,

मैं, भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर – भारतीय संविधान समिति के निर्माण, एक विचारक और अति उत्कृष्ट समाज सुधारक के नाम पर स्थापित डॉ. भीम राव अम्बेडकर कॉलेज में दाखिला प्राप्त करने वाले सभी छात्रों का हार्दिक और आशीर्वादपूर्ण स्वागत करता हूं। हम, उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ उनके योगदान और जीवन के तरीके तथा मिशन को नमन करते हैं। वह सदैव, भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और ज्ञान का स्रोत बने रहेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक संघटक कॉलेज के रूप में, यह संस्थान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा पूर्णत: सहायताप्राप्त संस्थान है। पिछले वर्षों में, यह कॉलेज, विविध दृष्टिकोण से ज्ञानार्जन और ज्ञान का एक बड़ा संस्थान बन गया है। इसकी एक उत्कृष्ट अवसंरचना है, जिसमें पुस्तकालय, एक सभागार, स्वास्थ्य केंद्र, विस्तृत कैंटीन, बैंक, एटीएम आदि शामिल हैं। कॉलेज में, योग्यताप्राप्त अध्यापकों और प्रशिक्षित कार्यालय स्टाफ की दृष्टि से उत्कृष्ट मानव संसाधन हैं। पूरा परिसर वाई फाई समर्थकारी है। यह, सह पाठ्यक्रम और पाठ्येत्तर क्रियाकलापों की एक रेंज प्रदान करता है, जो इनमें भाग लेने के लिए आपको प्रोत्साहित करता है। कॉलेज के कुछ अनूठे छात्र अनुकूल कार्यक्रमों में, 'अर्न वाइल लर्न स्कीम', योग एवं ध्यान कुटीर, खुली व्यायामशाला, अनुचिंतन पथ, पेपर रिसाइक्लिंग इकाई, क्रिकेट एकेडेमी आदि शामिल हैं, जो आय के हॉलिस्टिक विकास को सुसाध्य बनाने और सभी आवश्यक जीवन कौशलों से युक्त बनाने का वातावरण उपलब्ध कराते हैं।

मेरी सभी छात्रों के लिए हार्दिक कामना है कि उन्हें, अपनी शैक्षिक यात्रा को सार्थक और गतिशील बनाने के लिए कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों से लाभान्वित होना चाहिए। आपके समर्पित प्रयासों और समर्थन के होते हुए, मैं आशा करता हूं कि यह कॉलेज, दिल्ली में गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा के एक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

दीपांशु श्रीवास्तव

अध्यक्ष, शासी निकाय

प्राचार्य की कलम से*

प्रिय छात्रगण,

हार्दिक स्वागत ! हमारा कॉलेज, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान 1991 में अस्तित्व में आया। दिल्ली विश्वविद्यालय का एक संघटक सह-शिक्षा कॉलेज, यह जीएनसीटीडी द्वारा पूर्ण वित्तपोषित है। यह कॉलेज अपेक्षाकृत नया है और इसने हाल ही में अपने घटनापूर्ण अस्तित्व के 25 वर्ष पूरे किए हैं।

कॉलेज का आदर्श वाक्य "आत्म दीपो भव" जिसका अर्थ है "अपना प्रकाश स्वयं बनें" हमें सदैव, स्वयं को प्रबुद्ध बनाने और समाज के कल्याण के प्रति योगदान करने के लिए समर्पण और निष्ठा के साथ परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। हम बाबा साहेब की शिक्षाओं और मिशन से प्रेरणा प्राप्त करते हैं, जिन्होंने कमजोर वर्गों के कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए पूरे जीवन निरंतर परिश्रम किया।

यह कॉलेज, छात्रों की रुचि के अनुकूल, शैक्षिक, अनुसंधान, खेलकूद, इको क्लब, एनएसएस, एनसीसी, सांस्कृतिक और अन्य पाठयेत्तर क्रियाकलापों में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। इन क्रियाकलापों में आपकी सहभागिता, कॉलेज और सामुदायिक विकास दोनों के प्रति दल कार्य, परस्पर सम्मान, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मन में बैठाने में सहायता करेगी। यह कॉलेज, इसकी प्राकृतिक देखभाल और पर्यावरण अनुकूल पहलों के लिए जाना जाता है। इसके गुलाब और हर्बल बगीचे, पेपर रिसाइक्लिंग इकाई और सौर जल हीटर आदि, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए उठाए गए अनूठे कदम हैं। इन सभी वर्षों के दौरान हमारे छात्रों की भूमिका सराहनीय रही है।

---

* *यह कॉलेज, इस सूचना बुलेटिन के प्रकाशन के लिए प्रोस्पेक्टस समिति के, विशेष रूप से निरंतर परिश्रम कर रहे श्री कनिष्क नौटियाल द्वारा सहायता प्रदत्त इंदिवर मिश्रा के प्रयास की सराहना करता है।*

प्राचार्य के रूप में मेरे एक दशक के कार्यकाल के दौरान अनेक विषम परिस्थितियों के बावजूद यह कॉलेज ज्ञान और संस्था निर्माण की नई सीमाओं के पथ पर पहुंचा है। कॉलेज का पुस्तकालय, ई संसाधन की प्राप्ति, खेल का मैदान, कैंटीन, सभागार, सूचना प्रौद्योगिकी समर्थकारी वाई फाई, पूर्ण सीसीटीवी निगरानी, खुली व्यायामशाला और कंप्यूटर प्रयोगशाला सर्वोत्तम हैं। आपको इस बात से प्रसन्नता होगी कि हमारे छात्रों की सृजनात्मकता, स्टाफ द्वारा सुसाध्य बनाई गई है और यह हमारी प्रशासनिक पद्धतियों में परिलक्षित होती है। विश्वविद्यालय द्वारा इसकी सराहना की गई है और कॉलेज को 'अंतरध्वनि' 2015 में कुलपति महोदय का प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। यह कॉलेज, छात्रों का ज्ञान अद्यतन बनाए रखने और जीवन की ज़मीनी हकीकत के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को आमंत्रित करता है, कार्यशालाएं आयोजित करता है और औद्योगिक दौरे तथा ग्रामीण दौरे आयोजित करता है।

मुझे पूरा विश्वास है कि शैक्षिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के अलावा आपको अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। अध्यापन संकाय सदस्य, स्टाफ, विद्यार्थी और शासी निकाय, आपके द्वारा चुने गए क्षेत्रों में आपकी चहुंमुखी प्रगति और विकास के लिए सदैव प्रयास कर रहे हैं। कृपया कॉलेज जीवन का सर्वोत्तम उपयोग करें और कक्षाओं तथा छात्र केंद्रित क्रियाकलापों में पूरी तरह भाग लें। आपको अल्पकालिक कौशल आधारित रोज़गारोन्मुखी अतिरिक्त और भाषा पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हम उन्हें अनुसंधान आरंभ करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। यह कॉलेज, क्लास रूम में और बाहर एक अनुकूल वातावरण सृजित करने का प्रयास करता है। यह निश्चित रूप से आपके कॅरियर निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कृपया याद रखें कि एक समावेशी और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करने की आपकी संभाव्यता को केवल तभी साकार किया जा सकता है, यदि आप अपने देश से प्रेम करें और समर्पण, ईमानदारी तथा अनुशासन के साथ परिश्रम करें। यह एक निरूत्साहित करने वाली

चुनौती है क्योंकि विश्व उत्तरोत्तर प्रतियोगितात्मक बन रहा है और रोज़गार के अवसरों में अपेक्षा के अनुसार वृद्धि नहीं हो रही है।

मैं अपने कॉलेज में आपको देखने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं और आगे सभी सफलता और अच्छे भविष्य की कामना करता हूं।

आप info@drbrambedkarcollege.ac.in या principal@drbrambedkarcollege.ac.in पर प्रचार्य तक पहुंच सकते हैं या वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक श्री राम कुमार के माध्यम से मुझसे संपर्क कर सकते हैं।

सर्वोत्तम शुभकामनाओं के साथ

डॉ. जी.के. अरोड़ा, प्राचार्य

I. कॉलेज के बारे में

डॉ. भीम राव अम्बेडकर कॉलेज (बीआरएसी), संस्थापक प्राचार्य के रूप में डॉ. पी.सी. पतंजलि के साथ, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जन्म शताब्दी के दौरान 08 फरवरी, 1991 को अस्तित्व में आया। यह दिल्ली विश्वविद्यालय का एक संघटक सह शिक्षा कॉलेज है और दिल्ली सरकार द्वारा 100 प्रतिशत वित्तपोषित है। अपने आरंभ से ही इसने, शैक्षिक और पाठ्येत्तर दोनों क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर अपनी निरंतर गति बनाए रखी है। इस कॉलेज को एनएएसी मान्यता में बी+ ग्रेड प्रदान किया गया है। प्राचार्य, अध्यापन एवं गैर अध्यापन स्टाफ ने हॉलिस्टिक और समावेशी ज्ञानार्जन, हितकर और जिम्मेदार भविष्य निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित करने का वातावरण सृजित करने के प्रति स्वयं को समर्पित कर दिया है। इस कॉलेज ने 2016 में अपनी रजत जयंती पूरी की और यह वर्ष अनेक शैक्षिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों के साथ मनाया गया।

इस कॉलेज में, तीन वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रमों के अंतर्गत शैक्षिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का एक अनूठा समायोजन है। प्रमुख शैक्षिक कार्यक्रमों में, बी.कॉम और बी.कॉम (ऑनर्स), बी.ए. (ऑनर्स), भूगोल, बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास और सदाबहार बी.ए. (कार्यक्रम) शामिल हैं। इस कॉलेज के पास, विश्वविद्यालय के चार व्यावसायिक पाठ्यक्रम नामतः बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार, जो 1994 95 में आरंभ किया गया था और बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य और बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र, जो 1995 96 में आरंभ किए गए थे, और बी.ए. (ऑनर्स) (अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान) जो 2007 08 में आरंभ किया गया था, आरंभ करने में अग्रणी होने की अनूठी विशिष्टता है। सत्र 2017 18 में दो नए पाठ्यक्रम, बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र और बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी भी आरंभ किए गए। इस कॉलेज के पास बी.ए. (कार्यक्रम) के छात्रों को कार्यात्मक हिंदी (एफएच) जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अलावा, मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम) और कार्यक्रम प्रबंधन एवं

सचिवालयीय पद्धति (ओएमएसपी) जैसे कुछ वाणिज्य आधारित पाठ्यक्रम प्रदान करने की विशिष्टता है। इस कॉलेज को, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों और अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए इसके परिसर में डब्ल्यूयूएस स्वास्थ्य केंद्र होने का गौरव प्राप्त है। यह कॉलेज भावी मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित है जो शीघ्र ही प्रचालनरत हो जाएगा।

जीएनसीटीडी द्वारा आरंभ की गई क्षमता विस्तारण योजना के अंतर्गत, विश्वविद्यालय ने हमारे कॉलेज को, ओपन लर्निंग स्कूल (एसओएल) के छात्रों के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) के अंतर्गत स्नातक पूर्व अध्यापन को सुसाध्य बनाने के लिए और शासनेत्तर महिला शिक्षा बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी), दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन छात्राओं को पढ़ाने के लिए भी क्षेत्रीय व अध्ययन केंद्रों में से एक के रूप में चुना है। हमारा कॉलेज, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय, तमिलनाडु, जो डॉ. रविन्द्र सिंह की समन्वयता में युवा विकास में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करता है, द्वारा पूरे भारत में फैले 12 केंद्रों में से एक केंद्र के रूप में भी चुना गया है।

II. प्रस्तावित पाठ्यक्रम

अध्ययन के पाठ्यक्रम		प्रवेश क्षमता*
1.	बी.ए. (ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान	39
2.	बी.ए. (ऑनर्स) कारोबार अर्थशास्त्र (प्रवेश परीक्षा के द्वारा)	62
3.	बी.ए. (ऑनर्स) भूगोल	62
4.	बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी पत्रकारिता और जन संचार	62
5.	बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास	46
6.	बी.कॉम (ऑनर्स)	123
7.	बी.कॉम	185
8.	बी.ए. कार्यक्रम	323

9.	बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी	46
10.	बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र	46
	कुल सीटें	**1056**
*विश्वविद्यालय का पत्र संख्या एसीए.1/2009/802 दिनांक 23 दिसंबर, 2009 और एसीए.1/086/2017-18/68 दिनांक 25 मई, 2017		

III. दाखिला सूचना

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के भिन्न भिन्न कॉलेजों में मेरिट के आधार पर स्नातक पूर्व (यूजी) पाठ्यक्रमों (जिनके लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं है) में दाखिला लेने के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि वे स्नातक पूर्व पोर्टल https://admission.du.ac.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। 'विदेशी छात्र श्रेणी दाखिला' के अंतर्गत कृपया https://fsr.du.ac.in पर पंजीकरण कराएं।

विश्वविद्यालय हेल्प डेस्क फोन: 011 27667092 और 24116178, 27662602, 27006900

ई मेल : du.ug.help2018@gmail.com

यह कॉलेज, स्नातक पूर्व पाठ्यक्रम 2018 19 में दाखिले के लिए सूचना बुलेटिन में दी गई और समय समय पर विश्वविद्यालय द्वारा भी सूचित दाखिल प्रक्रिया का पालन करेगा। इसलिए रुचि रखने वाले छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे इस कॉलेज में किसी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन करने से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के सूचना बुलटिन 2018 19 और विश्वविद्यालय की वेबसाइट को सावधानीपूर्वक पढ़ें।

1. सभी पाठ्यक्रमों में दाखिला, अर्हक परीक्षा, न्यूनतम पात्रता शर्तों और दाखिला प्रक्रिया के संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों पर आधारित और विश्वविद्यालय द्वारा पुष्टिकरण की शर्त के अधीन भी है।

2. दाखिला, विश्वविद्यालय के कार्यक्रम और दिशानिर्देशों के अनुसार कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित 'कट ऑफ' के जरिए मेरिट आधार पर होगा। कोई अलग अलग सूचना नहीं भेजी जाएगी। कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह पिछली सूची का अधिक्रमण करते हुए सूची में कोई सुधार कर सके।

3. अभ्यर्थी को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए यथाविनिर्दिष्ट न्यूनतम अंक प्राप्त करके सीबीएसई की उच्चतर माध्यमिक स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा (कक्षा XII) या कोई परीक्षा या दाखिले के उद्देश्य के लिए विनिर्दिष्ट अर्हक परीक्षा के अनुसार इसके समतुल्य के रूप में कोई मान्यताप्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण करनी चाहिए। समतुल्यता मापदंड और ग्रेड रूपांतरण के आधार पर दाखिला प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के मामले पर, दाखिला विवरणिका 2018 19 में दर्शाए गए अनुसार विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार ही विचार किया जाएगा।

4. कोई अभ्यर्थी, किसी निश्चित समय पर एक कॉलेज में केवल एक ही पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकता है। यदि कोई छात्र किसी पाठ्यक्रम/कॉलेज में दाखिला वापस लेना/निरस्त करना चाहता है तो अभ्यर्थी को उस कॉलेज से निवेदन करना चाहिए, जहां दाखिला लिया गया है। कॉलेज द्वारा किसी अभ्यर्थी का दाखिला निरस्त कर दिए जाने के पश्चात ही अभ्यर्थी अन्य पाठ्यक्रम/ कॉलेज में दाखिला ले सकता है। अभ्यर्थी को दाखिला शुल्क, कॉलेज/ विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार लौटाया जाएगा।

5. **सीटों का आरक्षण (अन्य पिछड़ा वर्ग के अलावा)**

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की श्रेणियों के अंतर्गत दाखिल [सीटों की कुल संख्या का 22½%, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों (अ.जा. के लिए 15% और अ.ज.जा. के लिए 7%) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित है]। एक दूसरे से अदला बदली किए जाने योग्य है (यदि आवश्यक हो)। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों, विकलांग व्यक्तियों (न्यूनतम 40% शारीरिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए 5%) के

लिए आरक्षित सभी सीटें भरना एक सांविधिक दायित्व है। अर्ध सैनिक बल के कर्मियों, युद्ध में मारे गए/पूर्व सैनिकों/ विकलांगों सहित सशस्त्र बल के अधिकारियों/ पुरुषों के बच्चों/विधवाओं को दाखिले में 5% सीटें पाठ्यक्रम वार सीडब्ल्यू अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। 5% सीटें पाठ्यक्रम वार कश्मीरी प्रवासियों के बच्चों के लिए और विदेशी छात्रों के लिए या विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सलाह के अनुसार आरक्षित हैं। ये सभी दाखिले, समय समय पर यथालागू परिवर्तनों के अनुवर्तन के साथ सूचना बुलेटिन 2018 19 में प्रकाशित विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार किए जाएंगे।

कश्मीरी प्रवासियों/युद्ध में मारे गए सैनिकों की विधवाओं के बच्चों की आरक्षित श्रेणियों के अंतर्गत दाखिले के लिए दाखिला प्रक्रिया केंद्रीयकृत बनी रहेगी और उप रजिस्ट्रार, शैक्षिक के कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के स्तर पर आयोजित की जाएगी। उन सभी अभ्यर्थियों, जो युद्ध में मारे गए सैनिकों की विधवाओं/कश्मीरी प्रवासियों के बच्चों के लिए आरक्षण की श्रेणियों में से किसी श्रेणी के अंतर्गत कवर किए गए हैं, को अलग से ऑनलाइन पंजीकरण कराना चाहिए, यदि वे चाहते हैं कि उनके मामले पर किसी अन्य श्रेणी (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग) के लिए विचार किया जाए।

टिप्पणी: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग आदि के पात्र छात्रों को, हर वर्ष शैक्षिक वर्ष के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग व्यक्ति आदि को छात्रवृत्ति की प्रोसेसिंग के लिए अपने छात्रवृत्ति फार्म फरवरी तक प्रस्तुत कर देने चाहिए।

6. **अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण (गैर क्रीमी लेयर) :** अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए 27% सीटें आरक्षित होंगी।

6.1 अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों को, दाखिल प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम पात्रता (यदि कोई है) और अर्हक परीक्षा में न्यूनतम पात्रता में छूट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए विनिर्धारित न्यूनतम पात्रता अंकों के 10% की सीमा तक दी जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए पाठ्यक्रम में दाखिले हेतु न्यूनतम पात्रता 50% है तो अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम पात्रता 45% (अर्थात् 50% में से 50% का 10% घटाकर) होगी।

6.2 ऐसे सभी अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी, जो अर्हक परीक्षा में न्यूनतम पात्रता अंक और प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम पात्रता अंक (यदि कोई हैं) पूरे करते हैं, उनके लिए आरक्षित सीटों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, उनकी मेरिट के क्रम में दाखिले के पात्र होंगे।

6.3 उसके स्वयं के नाम में बने प्रमाणपत्र में यथाउल्लिखित 'गैर क्रीमी लेयर' से संबंधित अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी और जिसकी जाति केवल अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी की केंद्रीय सूची में दर्शाई गई है, केवल उसी श्रेणी के लिए पात्र होगा/होगी, जिसमें उसके नाम पर अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत दाखिले के लिए विचार किया जाता।

टिप्पणी : सामान्य श्रेणी की सीटों के लिए मेरिट सूची में सभी अभ्यर्थी, मेरिट के क्रम में होंगे। किसी को भी इससे अलग नहीं रखा जाएगा। दूसरे शब्दों में, इसमें अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. अभ्यर्थी भी शामिल होंगे, यदि वे सामान्य मेरिट में आते हैं। किसी अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी मेरिट सूची से केवल इसलिए बाहर नहीं रखा जा सकता क्योंकि वह अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. से संबंधित है। ऐसा कोई अभ्यर्थी, सामान्य और आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत विचार किए जाने का हकदार होगा। खुली श्रेणी की सीटों पर दाखिला,

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. अभ्यर्थियों को अलग रखे बिना पूरी तरह मेरिट के क्रम में होगी।

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. श्रेणी के अंतर्गत दाखिला प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास केवल उनके स्वयं के नाम में प्रमाणपत्र होना चाहिए।

7. खेलकूद और पाठयेत्तर क्रियाकलापों के आधार पर दाखिला (पूरी तरह विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार)

यह कॉलेज खेलकूद और पाठयेत्तर क्रियाकलापों की पृष्ठभूमि वाले छात्रों को प्रोत्साहित करता है। कुल सीटों में से अधिक से अधिक 5 प्रतिशत सीटें (खेलकूद के लिए 3 प्रतिशत और संस्कृति के लिए 2 प्रतिशत) इन दाखिलों (विषय वार) के लिए उपलब्ध हैं, सिवाय ऐसे पाठ्यक्रमों में। जहां दाखिला परीक्षा है या केंद्रीकृत दाखिला है, कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह केवल उस विशेष खेलकूद और पाठयेत्तर क्रियाकलापों पर विचार कर सके जिसे वह प्रोत्साहित करना चाहता है।

7.1 खेलकूद कोटा के अंतर्गत दाखिला : अभ्यर्थियों को कॉलेज में श्रेणी को प्रमुखता से दर्शाते हुए आवेदन करना होगा।

दिशानिर्देशों में निम्नलिखित उपबंधित है:

I. सुपर श्रेणी : खेलकूद के परीक्षणों के बिना प्रत्यक्ष दाखिला

ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने निम्नलिखित प्रतियोगिता (प्रतियोगिताओं) में भाग लिया है/देश का प्रतिनिधित्व किया है:

1. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा ओलंपिक खेल
2. अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसंघ (आईएसएफ) द्वारा विश्व चैंपियनशिप/ विश्व कप
3. राष्ट्रमंडल खेल परिसंघ (सीजीएफ) द्वारा राष्ट्रमंडल खेल
4. एशिया की ओलंपिक परिषद् (ओसीए) द्वारा एशियन खेल

5. अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद परिसंघ (आईएसएफ) द्वारा एशियन चैंपियनशिप

6. दक्षिण एशियाई खेलकूद परिषद् (एसएएससी) द्वारा दक्षिण एशियाई खेल (एसकेजी)

7. अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा पैरालंपिक खेल

II. खेलकूद परीक्षणों के आधार पर दाखिला :

क. अधिकतम 40 प्रतिशत अंक खेलकूद प्रमाणपत्रों के लिए हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया दिल्ली विश्वविद्यालय का सूचना बुलेटिन 2018 19 देखें।

ख. खेलकूद प्रमाणपत्रों की मार्किंग का मापदंड स्थानों के भिन्न भन्न स्तरों और/या सहभागिता स्तरों के लिए अंकों के साथ निम्नलखित सारणी में प्रदर्शित किया गया है:

अधिकतम 40 अंकों में खेलकूद प्रमाणपत्र की मार्किंग का मापदंड						
श्रेणी	प्रतियोगिता का स्तर	प्रमाणपत्र जारी करने वाला प्राधिकरण	40 में से अधिकतम अंक			
			प्रथम स्थान	द्वितीय स्थान	तृतीय स्थान	सहभागिता
क 1	ओलंपिक खेलों/ विश्व चैंपियनशिप/ विश्व कप/ राट्रमंडल खेलों/ एशियाई खेलों/ एशियाई चैंपियनशिप/ दक्षिण एशियाई परिसंघ खेलों/ पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया	आईओसी/ आईएसएफ/ सीजीएफ/ ओसीए/ एसएएससी/ आईपीसी/ आईओए/ एनएसएफ द्वारा मान्यता प्राप्त और/या युवा मामले एवं खेलकूद मंत्रालय (एमवाईएएस) द्वारा वित्तपोषित	प्रत्यक्ष दाखिला			
क-2	अंतर्राष्ट्रीय युवा/ जूनियर प्रतियोगता में स्थान और/या सहभागिता	अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद परिसंघ (आईएसएफ/ एनएसएफ) द्वारा मान्यता प्राप्त और/या युवा मामले एवं खेलकूद मंत्रालय	40	38	36	34

		(एमवाईएएस) द्वारा वितपोषित				
ख-1	राष्ट्रीय खेलों/परिसंघ कप/ सीनियर नेशनल/ इंटर जोनल नेशनल/ राष्ट्रीय प्रतियोगता में स्थान और/या सहभागिता	आईओए/ एनएसएफ द्वारा मान्यताप्राप्त और/या युवा मामले एवं खेलकूद मंत्रालय (एमवाईएएस) द्वारा वित्तपोषित	33	31	29	27
ख-2	अंडर-19/17 राष्ट्रीय स्कूल खेलों, अंडर 17 खेलो इंडिया राष्ट्रीय स्कूल खेलों/ युवा/ जूनियर राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय महिला खेलकूद प्रतियोगता/ सब जूनियर/ कैडेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता/ ज़ोनल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान और/या सहभागिता।	स्कूल गेम फेडरेशन आफ इंडिया (एसजीएफआई)/ एनएसएफ द्वारा मान्यता प्राप्त और/या युवा मामले एवं खेलकूद मंत्रालय (एमवाईएएस) द्वारा वित्तपोषित	25	23	21	19
ग.	राज्य प्रतियोगिता/ राज्य महिला खेलकूद प्रतियागता इंटर-ज़ोनल/ इंटर डिस्ट्रिकट/ सीबीएसई रिाष्ट्रीय/ केवीएस राष्ट्रीय/ आईपीएसई राष्ट्रीय/ आईसीएसई राष्ट्रीय/ डीएवी राष्ट्रीय/ एनवीएस राष्ट्रीय/ विद्या भारती राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान	राज्य खेलकूद एसोसिएशन, राज्य शिक्षा निदेशालय/ स्कूल बोर्ड	16	14	12	पात्र नहीं
घ.	जिला/ ज़ोनल,	जिला खेलकूद	08	06	04	पात्र नहीं

	सीबसीएसई क्लस्टर ज़ोनल, केवीएस/ एनवीएस – रीजनल, डीएवी/ विद्या भारती – ज़ोनल, सुब्रोतो कप, अन्य स्कूल बोर्ड प्रतियागता में स्थान	एसोसिएशन, जिला/ जोनल/ क्षेत्रीय शिक्षा निदेशालय/ स्कूल बोर्ड				

स्रोत: दिल्ली विश्वविद्यालय का पत्र सं.एसीए.1/86/2017-18/68 दिनांक 25 मई, 2017, अनुबंध सं. III

टिप्पणी :

1. आमंत्रण/ मेमोरियल/ ओपन/ प्राइज मनी लीग/ रैंकिंग प्रतियोगिताओं के खेलकूद प्रमाणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. पिछले तीन वर्षों की मेरिट/ सहभागिता खेलकूद प्रमाणपत्र पर 01 मई, 2015 से लेकर 30 अप्रैल, 2018 तक विचार किया जाएगा।
3. आवेदकों के लिए यह आवश्यक है कि वे तीन मेरिट/ सहभागिता खेलकूद प्रमाणपत्र की स्वयं-साक्ष्यांकित प्रतियां अपलोड करें।
4. मार्किंग के लिए केवल उच्चतम मेरिट/सहभागिता खेलकूद पमाणपत्र पर विचार किया जाएगा।

डॉ. भीमराव अम्बडकर कॉलेज के लिए खेलों/ खेलकूद की सूची:							
1.	तीरंदाजी	4.	बास्केट बाल	7.	फुटबाल	10.	सॉफ्ट बॉल
2.	एथलेटिक्स	5.	क्रिकेट	8.	नेटबाल		
3.	बेसबाल	6.	वालीबाल	9.	शूटिंग		

कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह दाखिले के किसी भी चरण में विशिष्ट खेल/खेलकूद की संख्या और स्वरूप तथा आवेदकों की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए उनके संबंधित स्थान/कार्यक्रम/भार की श्रेणी में परिवर्तन कर सके।

अन्य विवरण और खेलकूद के परीक्षणों के लिए, छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे दिल्ली विश्वविद्यालय खेलकूद परिसर/कॉलेज की वेबसाइट देखें तथा डॉ. के.के. शर्मा (संचालक, खेलकूद समिति) से संपर्क करें।

टिप्पणी : अंतिम रूप से चुने गए खिलाड़ियों द्वारा दाखिले के समय 100/- - - रुपए के जुडिशियल स्टांप पेपर पर एक वचनपत्र दिया जाएगा कि "वह अपने स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रम के दौरान पूरे तीन वर्ष तक कॉलेज और विश्वविद्यालय के लिए खेलेगा/खेलेगी।

7.2 पाठ्येत्तर क्रियाकलापों (ईसीए) के अंतर्गत दाखिला : पाठ्येतर क्रियाकलापों (ईसीए) के आधार पर विभिन्न स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए सभी संबंधितों द्वारा निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा:

1. ईसीए श्रेणी के अंतर्गत दाखिल प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी दिल्ली विश्वविद्यालय के दाखिला पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराएंगे।

2. पंजीकरण के प्रभार, अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग व्यक्ति पंजीकरण के लिए प्रभारों के अतिरिक्त 100/ रुपए होंगे।

3. **परीक्षण दो स्तरों पर किया जाएगा : (i) प्रारंभिक परीक्षण (ii) अंतिम परीक्षण।**

   (i) प्रारंभिक/अंतिम परीक्षणों की तारीख/तारीखें विश्वविद्यालय/ कॉलेज की वेबसाइट पर अधिसूचित और प्रदर्शित की जाएंगी और ये कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की जाएंगी।

   (ii) किसी सहभागिता/प्रमाणपत्र जीतने का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी को पिछले तीन वर्षों (22 मई, 2014 से 21

मई, 2017) के दौरान संबंधित क्रियाकलाप में भाग लेने का साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए।

(iii) अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जोनल और स्कूल स्तर पर भाग लेने वाले/प्रमाणपत्र जीतने वाले को भारांश दिया जाएगा तथा परीक्षण निम्नलिखित हैं: प्रमाणपत्र : 25 प्रतिशत परीक्षण : 75 प्रतिशत। इन प्रमाणपत्रों पर विचार किए जाने के लिए ये तीन वर्ष से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए।

(iv) सभी अभ्यर्थियों को किसी एक क्रियाकलाप में केवल एक बार प्रारंभिक स्तर पर भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। दूसरे अवसर के किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(v) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक क्रियाकलाप के लिए प्रारंभिक दौर में भाग लेना चाहता है तो इसकी पूर्व शर्त वही रहेगी।

4. अंतिम परीक्षणों के लिए शॉर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अधिसूचित की जाएगी और कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित की जाएगी।

5. विशिष्ट पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए (पाठ्यक्रम की न्यूनतम पात्रता की शर्त के अधीन) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी की तुलना में शैक्षिक मेरिट में (अंतिम कट ऑफ या पांचवीं कट ऑफ, इनमें से जो भी पहले हो) 15 प्रतिशत से अधिक रियायत नहीं दी जाएगी।

6. कॉलेज प्रारंभिक और अंतिम परीक्षणों को वीडियोग्राफ करेगा और रिकार्ड रखेगा। इसीए श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के लिए परीक्षण, ईसीए दाखिला समिति द्वारा किए जाएंगे।

7. इस प्रमाणपत्र का मूल्यांकन केवल उन्हीं छात्रों के लिए किया जाएगा जो अंतिम परीक्षण के लिए अर्हता प्राप्त करते है। उन्हें अंतिम परीक्षण के समय मूल्यांकन हेतु सभी सुसंगत मूल प्रमाणपत्र और उनकी स्वयं साक्ष्यांकित फोटो प्रति रखनी होगी।

8. मिथ्या/जाली प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वाले किसी अभ्यर्थी को तीन वर्ष के लिए किसी कॉलेज में किसी कार्यक्रम में दाखिले से विवर्जित कर दिया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी मिथ्या/जाली प्रमाणपत्रों के आधार पर दाखिला प्राप्त कर लेता है तो केवल उसका दाखिला निरस्त ही नहीं कर दिया जाएगा बल्कि उसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

डॉ. भीम राव अम्बेडकर कॉलेज के लिए ईसीए की श्रेणी वार सूची			
क्रम सं.	**श्रेणी**	**क्रियाकलाप**	**उप श्रेणी**
1.	संस्कृति	रचनात्मक लेखन	क. रचनात्मक लेखन : हिंदी ख. रचनात्मक लेखन: अंग्रेजी
2.	संस्कृति	नृत्य	क. भारतीय क्लासिकल ख. भारतीय लोक ग. पाश्चात्य घ. कोरियोग्राफी
3.	संस्कृति	वाद-विवाद	क. वाद-विवाद : हिंदी ख. वाद विवाद : अंग्रेजी
4.	संस्कृति	फाइन आर्ट्स	क. स्कैचिंग और पेंटिंग ख. मूर्तिकला
5.	संस्कृति	संगीत (वोगल)	क. भारतीय वोकल

			(क्लासिकल, लाइट और लोक) ख. पाश्चात्य (क्लासिकल और लाइट)
6.	संस्कृति	संगी (वाद्य)	क. भारतीय वाद्य ख. पाश्चात्य वाद्य
7.	संस्कृति	थियेटर	थियेटर
कृपया नोट करें : सभी ईसीए दाखिले पूरी तरह विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों की शर्त के अधीन होंगी।			

8. - दाखिले के लिए अपेक्षित दस्तावेज़:

(i) अंक पत्र (कक्षा XII); (ii) मूल अनंतिम प्रमाणपत्र (कक्षा XII); (iii) जन्म तिथि (कक्षा X); (iv) अंक पत्र (कक्षा X); (v) चरित्र प्रमाणपत्र (नवीनतम और मूल); (vi) आधार कार्ड (प्रति); (vii) पते का प्रमाण (राशन कार्ड/बिजली/ टेलीफोन बिल/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस); (viii) पहचान का प्रमाण (वोटर पहचान पत्र); (ix) अंतरण/स्थानांतरण प्रमाणपत्र (जहां कहीं आवश्यक हो); (x) जाति/विकलांगता/अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाणपत्र (जहां कहीं आवश्यक हो); (xi) वचनपत्र, यदि लागू हो; (xii) ईसीए/खेलकूद प्रमाणपत्र; (xiii) पासपोर्ट आकार के नवीनतम 5 फोटोग्राफ; (xiv) 2 फोटोग्राफ (जिस अंतिम संस्थान में पढ़े हैं, उसके प्रमुख द्वारा और खेलकूद श्रेणी के लिए जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित); (xv) कॉलेज का फार्म [(क) छात्र और (ख) माता पिता का रैगिंग प्रतिरोधी शपथपत्र, दाखिला, पुस्तकालय, पहचानपत्र, वचनपत्र]; (xvi) छात्र के नाम में एक निरस्तीकृत चेक की प्रति।

टिप्पणी: दाखिले के समय मूल दस्तावेज़ों के साथ साथ सभी प्रमाणपत्रों की स्वयं साक्ष्यांकित फोटो प्रतियों का एक सेट आवश्यक है। किसी छात्र का दाखिले के लिए कोई दावा नहीं होगा, यदि वह अपेक्षित दस्तावेज़ प्रस्तुत करने या अधिसूचित समय सारणी के अनुसार शुल्क जमा करने में विफल रहता/रहती है।

कृपया नोट करें, यदि किसी भी चरण में कोई मिथ्या साक्ष्यांकन/जाली बनाए गए रिकार्डों का पता चलता है तो संबंधित छात्र को अगले पांच वर्षों के लिए कॉलेज में किसी पाठ्यक्रम में भाग लेने से विवर्जित कर दिया जाएगा और इसके अलावा, कानून के अनुसार अपेक्षित आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए अभ्यर्थी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं (अर्थात् धारा 470, 471, 474 आदि) के अंतर्गत एक आपराधिक मामला आरंभ किया जाएगा।

9. **अंतरण :** प्रथम वर्ष में किसी भी कारण से अन्य संस्थानों से किसी अंतरण पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. **अंतराल अवधि दाखिला :** स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों में दाखिले के उद्देश्य के लिए अंतराल वर्ष संबंधी कोई रोक नहीं होगी। यह कॉलेज अंतराल वर्ष की नीति के संबंध में पूरी तरह विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों का पालन करेगा। संबंधित छात्र द्वारा अंतराल अवधि का शपथपत्र (अनुबंध 5) प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

11. **छात्राओं के लिए कट ऑफ प्रतिशत में छूट :** यह कॉलेज ऐसे व्यावसायिक या जहां प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है, को छोड़कर किसी पाठ्यक्रम में दाखिला प्राप्त करने की इच्छुक बालिका अभ्यर्थियों को दाखिले के लिए घोषित कट ऑफ में **1 प्रतिशत** की छूट प्रदान करता है। यह व्ववस्था विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार परिवर्तन की शर्त के अधीन है।

12. **"सर्वोत्तम चार" विषयों के प्रतिशत के परिकलन की प्रक्रिया :** विश्वविद्यालय की वेबसाइट: (https://ug.du.ac.in) या दाखिला विवरणिका 2018 19 देखें।

13. **केंद्रीय दाखिला समिति 2018 19 :** (1) डॉ. आर.पी. द्विवेदी, संचालक – 8588922995; (2) डॉ. नलिन कुमार, सह संचालक – 9891463008; (3) सभी टीआईसीज 2017 18; (4) सभी विशेष श्रेणी संचालक 2018 19

14. **दाखिला शिकायत समिति 2018 19 :** (1) डॉ. पूनम मित्तल, संचालक – 9811077565; (2) डॉ. आर.पी. द्विवेदी, सह संचालक – 8588922995; (3) डॉ. रामाश्रय प्रसाद, सदस्य – 9868593193; (4) डॉ. सुरजीत कुमार, सदस्य 8802063375; (5) डॉ. अवतार सिंह, सदस्य – 9868113092; (5) डॉ. ओम मिश्रा, सदस्य – 8800270471; (6) डॉ. एन. विक्टोरिया चानू, सदस्य – 9891979365

15. **विशेष श्रेणी दाखिला समिति 2018 19 :** (1) डॉ. धनंजय कुमार (अनूसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) – 9968456688; (2) डॉ. रविन्द्र सिंह (अन्य पिछड़ा वर्ग) – 9999570108; (3) डॉ. ओम मिश्रा (ईओसी) – 8800270471; (4) डॉ. एन. विक्टोरिया चानू (पूर्वोत्तर/विदेशी छात्र) – 9891979365

16. **खेलकूद दाखिला समिति 2017 18 :** डॉ. के.के. शर्मा, संचालक – 9718964963

17. **ईसीए दाखिला समिति 2018 19 :** डॉ. संगीता धाओर, संचालक – 9911855003

18. **परिणाम/ दस्तावेज़ सत्यापन समिति 2017 18 :** (1) डॉ. रामाश्रय प्रसाद, संचालक 9868593193 (2) डॉ. मोहनिश कुमार (सह संचालक) – 9980848213; (3) डा. कुसुम नेहरा – 9868884998; (4) डॉ. रविन्द्र सिंह – 9999570108; (5) डॉ. दीपाली जैन – 9811949193

19. **आंकड़ा प्रविष्टि :** (1) श्री पुरुषोत्तम, संचालक – 9910056690; (2) डॉ. एन.पी. मीणा, सह संचालक – 9868651634

20. **विशेष सहायता डेस्क अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (दाखिला) :** (1) डॉ. अवतार सिंह, संचालक – 9650733567; (2) डॉ. राजबीर

वत्स, सह संचालक – 9968141409; (3) डॉ. बिजेंद्र कुमार – 9312403164; (4) डॉ. धनंजय कुमार – 9968456688

21. **दाखिला सहायता डेस्क :** (1) डॉ. रविन्द्र सिंह, संचालक – 9999570108; (2) डॉ. निशि शर्मा, सह संचालक – 9891377550; (3) डॉ. राजबीर वत्स, सह संचालक – 9968141409; (4) डॉ. अरविंद यादव – 9810714856; (5) डॉ. रिचा चौधरी – 9868819799; (6) डॉ. के.एम. बंसल – 9810117278; (7) सुश्री कनिका – 9873645895

IV. विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस)

दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2015 16 से स्नातक पूर्व स्तर पर विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) आरंभ की है। यह सीबीसीएस छात्रों को यह अवसर प्रदान करती है कि वे विनिर्धारित पाठ्यक्रमों में से पाठ्यक्रम चुन सकें, जिनमें मुख्य, ऐच्छिक और कौशल आधारित पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण करते हुए किया जाएगा। किसी स्नातक पूर्व डिग्री के लिए नामांकित प्रत्येक छात्र को मुख्य, ऐच्छिक (विधा विशिष्ट ऐच्छिक, जेनरिक ऐच्छिक, शोध निबंध) योग्यता वर्धन और कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों जैसे पाठ्यक्रमों में अध्ययन करना होगा।

1. **मुख्य पाठ्यक्रम :** यह एक अनिवार्य पाठ्यक्रम है और इसका अध्ययन प्रत्येक अभ्यर्थी को करना चाहिए, जिसमें किसी विशेष कार्यक्रम में दाखिला लिया है।

2. **ऐच्छिक पाठ्यक्रम** : यह पाठ्यक्रम कुछ अन्य विधा/विषय/अध्ययन-क्षेत्र में- - --- - - अनुभव प्राप्त करने के लिए छात्र को समर्थ बनाकर एक विस्तारित दायरा प्रदान करता है जिससे अभ्यर्थी की दक्षता और कौशल पोषित होता है। छात्र को इस बात की अनुमति है कि वह पाठ्यक्रमों के पूल में से एक पाठ्यक्रम चुन सके।

(क) यदि यह ऐच्छिक पाठ्यक्रम अध्ययन की मुख्य विधा/अध्ययन के विषय द्वारा प्रस्तावित किया जाता है (जिसका स्वरूप अंतर विधायी हो सकता है) तो इसे **विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई)** पाठ्यक्रम कहा जाएगा।

(ख) यदि यह किसी असंबद्ध विधा से है तो इसे **जेनरिक ऐच्छिक (जीई) या अंतर विधायी ऐच्छिक पाठ्यक्रम** कहा जाता है।

(ग) **डिजर्टेशन/परियोजना**: विशेष/उन्नत ज्ञान प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया कोई ऐच्छिक पाठ्यक्रम जैसे अनुपूरक अध्ययन/किसी परियोजना कार्य का समर्थकारी अध्ययन और किसी अध्यापक/संकाय सदस्य द्वारा दी गई परामर्शी सहायता से कोई अभ्यर्थी अपनी ओर से ऐसे पाठ्यक्रम का अध्ययन करता है तो इसे डिजर्टेशन/परियोजना कहा जाता है।

3. **योग्यता वर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी) :** योग्यता वर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रमों (एईसीसी) का उद्देश्य ज्ञान वर्धन है, ऐसे पाठ्यक्रम अध्ययन के सभी कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य हैं।

4. **कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) :** कौशल वर्धन पाठ्यक्रम एईसी पाठ्यक्रमों के प्रकार के ही हैं, परंतु इनका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, सक्षमताएं, कौशल प्रदान करना है। ये पाठ्यक्रम छात्रों को मूल्य आधारित और/या कौशल आधारित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए गए पाठ्यक्रमों के पूल में से चुने जा सकते हैं।

कृपया नोट करें (1): सीबीसीएस प्रणाली समय समय पर दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा संशोधन की शर्त के अधीन है और प्रत्येक कॉलेज की आवश्यकता के अनुसार है। यदि कोई छात्र सीबीसीएस के अंतर्गत भिन्न भिन्न पाठ्यक्रमों में

किसी समस्या या कठिनाई का सामना करता है तो वह अध्ययन के उसके कार्यक्रम के प्रभारी अध्यापक से संपर्क कर सकता/सकती है।

(2): प्रत्येक विभाग द्वारा प्रस्तावित जेनरिक ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची प्रत्येक सत्र के आरंभ में छात्रों के लिए नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।

(3): किसी पृच्छा के मामले में छात्र **डॉ. सरला भारद्वाज**, सीबीसीएस समिति संचालक से संपर्क कर सकते हैं।

V. कॉलेज द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम

1. अध्ययन के व्यावसायिक पाठ्यक्रम

बी.ए. (ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान

डॉ. नवीन कुमार (शिक्षक प्रभारी)

यह पाठ्यक्रम हमारे कॉलेज में प्रदान किया जाता है और इसमें पढ़ने वाले छात्रों का उद्देश्य दिन प्रतिदिन के जीवन में अनुप्रयुक्त मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के शैक्षिक और प्रयोगात्मक दृष्टिकोण को पोषित करना।

अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान वास्तविक जीवन की स्थितियों में आने वाली समस्याओं पर काबू पाने के लिए मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का इस्तेमाल है। अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान के क्षेत्रों में से कुछ क्षेत्रों में नैदानिक मनोविज्ञान, परामर्शी मनोविज्ञान, विकासवादी मनोविज्ञान, औद्योगिक और संगठनात्मक मनोविज्ञान, विधिक मनोविज्ञान, तंत्रिका मनोविज्ञान, व्यावसायिक स्वास्थ्य मनोविज्ञान, फोरेंसिक मनोविज्ञान, इंजीनियरी मनोविज्ञान, शैक्षिक मनोविज्ञान, खेलकूद मनोविज्ञान और सामुदायिक मनोविज्ञान शामिल हैं।

तीन वर्षीय (6 सेमेस्टर) सीबीसीएस कार्यक्रम : पाठ्यक्रम संरचना और सेमेस्टर वार आबंटन

पेपेर (सेमेस्टर 1) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार	पेपेर (सेमेस्टर 2) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार
अंग्रेजी/हिंदी भाषा	एईसीसी-1, अनिवार्य	पर्यावरणीय विज्ञान	एईसीसी-2, अनिवार्य
मनोविज्ञान का परिचय-1 (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी1, प्रमुख विधा	मनोविज्ञान का परिचय-2 (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी3, प्रमुख विधा
अनुसंधान पद्धति एवं मनोविज्ञान में आंकड़ा प्रोसेसिंग-1 (सिद्धांत + ट्यूटोरियल)	सी2, प्रमुख विधा	अनुसंधान पद्धति एवं मनोविज्ञान में आंकड़ा प्रोसेसिंग-2 (सिद्धांत + ट्यूटोरियल)	सी4, प्रमुख विधा
अन्य पाठ्यक्रमों/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों में से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी1, जेनरिक ऐच्छिक	अन्य पाठ्यक्रमों/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों में से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी2, जेनरिक ऐच्छिक
पेपर (सेमेस्टर-3) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-4) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
अनुप्रयुक्त सामाजिक मनोविज्ञान-1 (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी5, प्रमुख विधा	अनुप्रयुक्त सामाजिक मनोविज्ञान-2 (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी8, प्रमुख विधा
जीवनकाल का विकास (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी6, प्रमुख विधा	स्वास्थ्य मनोविज्ञान (सिद्धांत + ट्यूटोरियल)	सी9, प्रमुख विधा
मनोविज्ञान में प्रणालियां (सिद्धांत + ट्यूटोरियल)	सी7, प्रमुख विधा	परामर्शी मनोविज्ञान (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी10, प्रमुख विधा
अन्य पाठ्यक्रमों/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों में से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी3, जेनरिक ऐच्छिक	अन्य पाठ्यक्रमों/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों में से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी4, जेनरिक ऐच्छिक
कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक	एसईसी-I कौशल वर्धन पाठ्यक्रम	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक	एसईसी-II, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम

पेपर (सेमेस्टर-5) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार	पेपर (सेमेस्टर-6) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार
मनोवैज्ञानिक विकृतियों की समझ-बूझ I (सिद्धांत+ प्रयोगात्मक)	सी11, प्रमुख विधा	मनोवैज्ञानिक विकृतियों की समझ-बूझ II (सिद्धांत+ प्रयोगात्मक)	सी13, प्रमुख विधा
औद्योगिक/ संगठनात्मक मनोविज्ञान की नींव-II (सिद्धांत+ प्रयोगात्मक)	सी12, प्रमुख विधा	औद्योगिक/ संगठनात्मक मनोविज्ञान की नींव-II (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	सी14, प्रमुख विधा
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-I	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-III*
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-II	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-IV*
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों (डीएससी) की सूची		**कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) की सूची**	
(कोई छात्र कोई चार पेपर चुनने के लिए स्वतंत्र होगा, सेमेस्टर 4 और 6 में से प्रत्येक में 2) 1. मनोविज्ञान की समझबूझ (सिद्धांत + प्रयोगात्मक) 2. युवा मनोविज्ञान (सिद्धांत + प्रयोगात्मक) 3. लिविंग इन मीडिया वर्ल्ड (सिद्धांत + प्रयोगात्मक) 4. कार्य पर मनोविज्ञान (सिद्धांत +		निम्नलिखित में से कोई दो: क्रमश: एक प्रति सेमेस्टर 3 और 4 1. तनाव प्रबंधन (सिद्धांत + प्रयोगात्मक) 2. प्रभावी नेतृत्व (सिद्धांत + प्रयोगात्मक) 3. संसूचन सक्षमता (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)	

प्रयोगात्मक) 5. परियोजना/ शोध निबंध 6. शांति का मनोविज्ञान (सिद्धांत + प्रयोगात्मक)			
* विधा ऐच्छिक पेपर (सेमेस्टर-6) में से एक के बदले परियोजना कार्य/ शोध निबंध			
टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके। यह बात अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी सत्य होगी।			

संकाय सदस्य:

1	डॉ. (श्रीमती) अनीता श्रीवास्तव	4	डॉ. इंदिवर मिश्रा
2	डॉ. नवीन कुमार (शिक्षक प्रभारी)	5	डॉ. (श्रीमती) मालिनी प्रिया
3	श्री रवि शंकर रवि		

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र डॉ. ललित कुमार (शिक्षक प्रभारी)

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र का अंतर्निहित सिद्धांत व्यवसाय के वैश्वीकरण के बदलते परिदृश्य के साथ बने रहना और आधुनिक व्यवसाय के प्रति आर्थिक साधनों का अनुप्रयोग रहा है। यह कॉलेज छात्रों को व्यावसायिक साधनों और स्नातक स्तर पर भी प्रबंधन सिद्धांतों से लैस करने और अर्थशास्त्र, मात्रात्मक तकनीकों, वित्त, इकोनोमेट्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कंप्यूटर आदि की पर्याप्त जानकारी प्रदान करने का प्रयास करता है। यह कॉलेज छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर और अनुसंधान पेपर प्रस्तुत करके अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच भी उपलब्ध कराता है। इस पाठ्यक्रम से स्नातक बनने के पश्चात छात्रों को प्राप्त रोज़गार के अवसरों में, कॉरपोरेट घरानों में प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी, आंकड़ा विश्लेषक, वित्तीय बाज़ार विश्लेषक, प्रवेश स्तर पर प्रबंधन व्यवसायविद

शामिल हैं। इस पाठ्यक्रम में छात्रों को अर्थशास्त्र, प्रबंधन और वित्त में कुछ अध्ययन करने के लिए समर्थ बनाने की भी एक बड़ी गुंजाइश है।

पूरा कार्यक्रम तीन वर्षों में फैला एक एकीकृत 6 सेमेस्टर का मॉड्यूल है और इसमें दाखिला, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली सामूहिक दाखिला परीक्षा के जरिए केंद्रीयकृत है। वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिए निम्नलिखित अनुसूची है:

पाठ्यक्रम संरचना एवं सेमेस्टर वार आबंटन

पेपर (सेमेस्टर 1) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेसमेस्टर 2) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
(vi) **छात्रों के लिए शैक्षिक विकास सोसाइटी :** शैक्षिक सत्र 2015 16 के लिए इस सोसाइटी के क्रियाकलापों में, 'दिल्ली विश्वविद्यालय नेतृत्व' : 'उभरते अवसर और चुनौतियां' शीर्षक वाली एक अंतर कॉलेज संगोष्ठी 'खब्बे व्यक्तियों द्वारा धारित विशेष गुण' विषय पर एक विशेष वार्ता आयोजित करना शामिल था।

इस सोसाइटी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से दो सप्ताह का एक उद्यमिता विकास कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें छात्रों को अपने स्वयं के व्यवसाय उद्यम स्थापित करने के तरीके पर प्रशिक्षित किया गया **(डॉ. नवीन कुमार, संचालक)।**

(vii) **कॉलेज पत्रिका** : यह कॉलेज, लेखन और साहित्यिक रुचि सृजित करने में छात्रों की सहायता करने और रचनात्मक संधियोजन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उनसे मुद्दों की एक व्यापक रेंज पर लेख आमंत्रित करके अपनी पत्रिका 'चेतना' प्रकाशित करता है। यह पत्रिका, एक ऐसा मंच उपलब्ध कराती है, जिसमें वे रुचि के अपने अपने क्षेत्रों में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। पूरे विश्व के प्रति संधियोजन करके और प्रतिक्रिया देकर युवा भावना स्वयं का अन्वेषण करती है और परिभाषित करती है **(संचालक : डॉ. कुसुम नेहरा)।**

(viii) **अनुसंधान संवर्धन** : कॉलेज ने, सामाजिक विज्ञान, मानविकियों और भाषाओं में एक अंतर्राष्ट्रीय बहु विधायी छमाही पत्रिका 'एकेडेमिया' का शुभारंभ किया है। इस पत्रिका का आईएसएसएन नंबर है और कॉलेज के रजत जयंती वर्ष के दौरान इसे ऐतिहासिक माना जा सकता है। यह, कॉलेज के अध्यापन स्टाफ के सहयोगात्मक प्रयासों का एक परिणाम है। इस पत्रिका के प्रति योगदान करने वालों में संकाय सदस्य, अग्रणी अनुसंधाता और छात्र भी शामिल हैं। हाल ही में कॉलेज ने एक 'मोनोग्राफ' भी प्रकाशित किया है। संकाय सदस्यों ने भी, अनुसंधान के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में अभिनव परियोजनाएं पूरी की हैं **(संचालकः डॉ. बिष्णु मोहन दाश)।**

(ix) **एनएसएस :** राष्ट्रीय सेवा योजना (एमएसएस) का उद्देश्य, निरंतर सामुदायिक विचार विमर्श और विकास के जरिए छात्रों और अध्यापकों के बीच स्वैच्छिक कार्य की भावना मन में बैठाना है। यह शैक्षिक विशिष्ट वर्ग को समाज के निकट लाती है। वर्तमान में कॉलेज की एनएसएस इकाई में 250 स्वयंसेवक हैं। इस इकाई के क्रियाकलापों में, 'ग्राम जागृति योजना' शामिल है – ललित

जिले, उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव बनपुर का तीन दिवसीय दौरा किया गया। ग्रामीण जीवन का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करने के अलावा, जागरूकता व्याख्यानों, स्वच्छता, महिला सुरक्षा, गणितीय योग्यता निर्मित करने, महिलाओं के लिए आत्मरक्षा सहित अनेक क्रियाकलाप आयोजित किए गए। एनएसएस इकाई ने 'राष्ट्रीय एकता उत्सव' भी आयोजित किया, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय अखंडता, सौहार्द और युवा की भूमिका के विषयों पररंगोली, वाद विवाद, लेख लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दाखिले और सामाजिक तथा स्वास्थ्य के मुद्दों के संबंध में छात्राओं के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्कूली छात्रों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसके अलावा, छात्रों को राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन से अवगत कराया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दिल्ली पुलिस के साथ एक दस दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा, एनडीआरएफ के सहयोग से, आपदा प्रबंधन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई **(डॉ. अवतार सिंह, संचालक)।**

(x) **जेंडर संवेदीकरण समिति** ने अपना कार्यक्रम/कार्यशाला 'जेंडर बेंडर' आयोजित की। इसमें पोस्टर बनाने और नारे लिखने की प्रतियोगिता भी आयोजित की। निम्नलिखित वार्ताएं आयोजित की गई: (i) गैर संक्रामक रोगों का प्रभाव (ii) जेंडर संवेदीकरण (iii) महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा **(डॉ. संगीता शर्मा, संचालक)।**

(xi) **प्लेसमेंट सेल** : प्लेसमेंट समिति ने, हमारे परिसर में प्रतिष्ठित कंपनियों का प्लेसमेंट अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसने छात्रों के लाभ के लिए 'व्यावसायिक सीवी लेखन' और 'समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए कैसे तैयारी करें' विषय पर भी वार्ताएं आयोजित की **(डॉ. ललित कुमार, संचालक)।**

(xii) **समर्थकारी समान अवसर सेल :** दिल्ली विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, विकलांग श्रेणी के छात्रों को, कॉलेज द्वारा चलाए जाने वाले भिन्न भिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला किया जाता है। यह कॉलेज यह सुनिश्चित करने का हर प्रयास करता है कि विकलांग छात्रों की कक्षाएं पहुंचयोग्य बनाई जाएं ताकि ऐसे छात्रों को कम से कम असुविधा हो। सभी विकलांग छात्रों को, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिशानिर्देशों के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। 'सहयोग' नामक एक सोसाइटी गठित की गई है, जिसमें विकलांग छात्रों के बेहतर शैक्षिक और सह पाठ्चर्या कार्य निष्पादन के लिए उनका मार्गदर्शन, सहायता और सहयोग करने के उद्देश्य से कॉलेज के इच्छुक छात्रों को सदस्य के रूप में नामांकित किया जाता है। 'विकलांग' विषय पर एक नारे और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें, 50 छात्रों ने भाग लिया **(डॉ. ओम मिश्रा, संचालक)।**

(xiii) **अंग्रेजी भाषा दक्षता पाठ्यक्रम (ईएलपीसी) और अल्पकालिक अतिरिक्त कंप्यूटर पाठ्यक्रम :** छात्रों की मांग पर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया गया अंग्रेजी भाषा दक्षता पाठ्यक्रम (ईएलपीसी) और कंप्यूटर साक्षरता तथा जागरूकता के लिए एक अल्पकालिक अतिरिक्त पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

(xiv) **गार्डन/इको क्लब :** कॉलेज का गार्डन/इको क्लब, ग्रीन कवर में वृद्धि करने और छात्रों को हमारे वातावरण को संरक्षित करने तथा बढ़ावा देने की आवश्यकता के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए कार्य करता है। क्लब के क्रियाकलापों में, पर्यावरण से संबंधित कार्यशालाएं, वाद विवाद, नाट्यकला और अन्य विचार विमर्शी कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें छात्र उत्साह और रुचि के साथ भाग लेते हैं। इस इको क्लब के तत्वावधान में पिछले तीन वर्षों के दौरान विकसित हर्बल और रोज गार्डन, विश्वविद्यालय में सर्वोत्तम जाने जाते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर टेलीविज़न पर दिखाए जाते हैं। कॉलेज ने परिसर में

सौर पैनल और पेपर रिसाइक्लिंग इकाई भी संस्थापित की है **(डॉ. रियाजुद्दीन खान, संयोजक, इको क्लब और; डॉ. ललित कुमार, संयोजक, गार्डनिंग समिति)।**

(xv) ग्रीन कैडेट : ग्रीन कैडेट एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिए कॉलेज का उद्देश्य छात्रों के ऐसे दल का निर्माण करना है, जिन्हें जागरूकता फैलाने, प्रकृति के लिए प्रेम को बढ़ावा देने और वातावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के दक्ष प्रबंधन और कॉलेज के अंदर तथा बाहर उनके स्थायित्व के लिए प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने के लिए सामाजिक रूप से समर्पित कार्योन्मुखी विद्वान व्यक्तियों के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। ग्रीन कैडेटों के प्रशिक्षण मॉड्यूल में, जागरूकता सत्र, कौशल निर्माण कार्यशालाएं, चलचित्र स्क्रीनिंग और व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इस कार्य की देखरेख **डॉ. राजबीर वत्स** द्वारा की जाती है।

(xvi) कॉलेज परामर्श केंद्र : हमारे कॉलेज ने 2008 में परामर्श केंद्र स्थापित किया है, जिसे बाद में छात्र परामर्श केंद्र के रूप में पुन: नामित किया गया। हमारे पास भिन्न भिन्न विभागों से अनुभवी संकाय सदस्यों का एक दल है, जो भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों और संस्कृतियों के और व्यक्तिगत, भावात्मक, सामाजिक तथा शैक्षिक मुद्दों की एक व्यापक रेंज वाले छात्रों की सहायता करने के अभ्यस्त हैं। हम कॉलेज के सभी छात्रों को नि:शुल्क परामर्शी सेवा उपलब्ध कराना और इसे पूरे वर्ष उपलब्ध कराना सुनिश्चित करते हैं। हम छात्रों को, गुणवत्ता वाला कार्य करने, रचनात्मक समस्या समाधान, स्वयं ज्ञानार्जन, स्वयं सुधार और संसूचन को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करते हैं **(संचालक: डॉ. ऋचा चौधरी)।**

(xvii) पूर्वोत्तर सैल/विदेशी छात्र सलाहकार : इस सैल का उद्देश्य, पूर्वोत्तर के और विदेशी छात्रों को अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। यह, विविध संस्कृतियों की समझबूझ में वृद्धि करने और जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास करता है। यह, यदि अपेक्षित हो, व्यक्तिगत परामर्श भी प्रदान करता है ताकि प्रभावी

और दक्ष व्यक्ति बनने में स्वयं की सहायता करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित किया जा सके **(संचालक : सुश्री ए. विक्टोरिया चानु)।**

(xviii) रेड रिबन क्लब : रेड रिबन क्लब, स्कूलों और कॉलेजों में भारत सरकार द्वारा आरंभ किया गया एक आंदोलन है, जिसके जरिए छात्र, एचआईवी/एड्स पर जागरूकता फैलाते हैं। इसमें, नियमित रक्तदान शिविर आदि को बढ़ावा देकर, सभी जरूरतमंदों को रक्तदान करने, स्वस्थ जीवन पद्धतियां विकसित करने के प्रति सहायता प्रदान करने के लिए सभी छात्रों के बीच परोपकार की भावना भरने पर विचार किया गया है। हम, सही, संक्षिप्त और पर्याप्त सूचना के साथ युवाओं को शिक्षित करते हैं और वर्तमान मुद्दों तथा सरोकारों तथा समाज के प्रति योगदान करने के तरीके के बारे में जागरूकता काउनका स्तर उन्नत करते हैं **(डॉ. ऋचा चौधरी, संचालक)।**

(xix) पूर्व छात्र क्लब : कॉलेज का पूर्व छात्र क्लब एक बहुत गतिशील निकाय है। यह, बड़ी संख्या में हमारे छात्रों को शामिल करते हुए सभी पूर्व छात्र क्रियाकलाप आयोजित और समन्वित करता है। यह कॉलेज, फरवरी के पहले सप्ताह में हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले पूर्व छात्र समारोह में उन्हें सम्मानित करके अपने पूर्व छात्र के प्रयासों, प्रतिभाओं और उपलब्धियों को मान्यता देता रहा है। यह कॉलेज, पूर्व छात्रों की एक अद्यतनीकृत डायरेक्टरी भी प्रकाशित करता है **(डॉ. राजबीर वत्स, संयोजक)।**

सामाजिक विकास

(xx) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों सहित कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए जीवन कौशल निर्माण कार्यशाला/क्रियाकलाप : यह कॉलेज, उनके शैक्षिक समृद्धिकरण, जीवन कौशल निर्माण और आत्मसम्मान की भावना से उन्हें सशक्त बनाने में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की सहायता करने के लिए विशेष कार्यशालाएं/कार्यक्रम आयोजित करता है। इस कॉलेज को, नि:शुल्क कोचिंग और उपचारात्मक कक्षाएं उपलब्ध कराने तथा उन्हें

प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पहले अनुदान प्रदान किया गया है।

(xxi) योग कक्ष : इस समिति ने, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समारोह सहित अनेक क्रियाकलाप आयोजित किए हैं, जिनमें विभिन्न विश्वविद्यालय कॉलेजों और स्कूलों के 570 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। इस कॉलेज ने कॉलेज के सभी छात्रों को योग प्रशिक्षण प्रदान करना भी आरंभ कर दिया है। योग सत्रों में, प्रशिक्षित योग अनुदेशक के पर्यवेक्षण में प्रति दिन प्रात: 7.45 बजे से 8.45 बजे तक छात्रों द्वारा भाग लिया जाता है **(डॉ. संगीता शर्मा, संचालक)।**

(xxii) सामाजिक विकास के साधन के रूप में कॉलेज : यह कॉलेज, जेंडर न्याय और आर्थिक सशक्तीकरण के जरिए महिला विकास के लिए कुछ कार्य कर रहा है। पूर्व में, जन शिक्षा संस्थान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से एनएसएस इकाई, आस पास के क्षेत्रों की कमजोर वर्ग की लगभग 100 महिलाओं को, पोशाक बनाने (80 दिनल), कशीदाकारी – हाथ और मशीन से (100 दिन) और ब्यूटी कल्चर एवं स्वास्थ्य सुरक्षा (60 दिन) में बिल्कुल ही नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के काम में लगा रहा।

(xxiii) डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन : राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) का उद्देश्य, सभी कॉलेजों में वालंटियर छात्रों को प्रशिक्षित और नियुक्त करना है **(समन्वयक, डॉ. सरला देवी भारद्वाज)।**

(xxiv) तंबाकू प्रतिरोधी अभियान : दिल्ली विश्वविद्यालय और विश्व फेफडा फाउंडेशन – दक्षिण एशिया (डब्ल्यूएलएफ एसए) संयुक्त के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पूरा कॉलेज एक "धूम्रपान निषिद्ध क्षेत्र" है। कॉलेज ने, तंबाकूमुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए छात्रों के बीच एक तंबाकू प्रतिरोधी दस्ता गठित किया है। आरंभिक चरण में प्राथमिक फोकस, शैक्षिक व अभिप्रेरणात्मक अभियानों, जागरूकता सृजन शिविरों, संगोष्ठियों और

कार्यशालाओं, पोस्टर और नारे प्रतियोगिताओ, रैलियों, नुक्कड़ नाटकों, आदि तथा मौजूदा तंबाकू प्रतिरोधी कानूनों के प्रवर्तन पर है **(डॉ. अरविंद यादव, संचालक)।**

(xxv) स्वच्छ अभियान सैल : स्वच्छ अभियान सैल/समिति ने दो प्रमुख स्वच्छता अभियान चलाए – एक विशेष सप्ताह लंबा अभियान और दूसरा एक दिवसीय अभियान, दोनों ही इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक उत्साह के साथ चलाए गए। इसने छात्रों और इस कॉलेज से संबद्ध सभी के बीच जागरूकता फैलाई और इस अभियान को सफल बनाया **(डॉ. आर.पी. द्विवेदी, संयोजक)।**

(xxvi) इस कॉलेज को, नकदी रहित अर्थव्यवस्था को सुसाध्य बनाने और पारदर्शी खरीद पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए जीईएम के साथ पंजीकृत भी किया गया है।

X. परिसर जीवन : सूचना और दिशानिर्देश

शैक्षिक सत्र : छात्रों कोसलाह दी जाती है कि वे प्राचार्य के स्वागत संबोधन के लिए 19 जुलाई, 2018 को प्रात: 10.00 बजे और अभिमुखीकरण कार्यक्रम के लिए प्रात: 11.30 बजे अध्यापन ब्लॉक में एकत्र हों। शैक्षिक सत्र बृहस्पतिवाद, 20 जुलाई, 2017 को प्रात: 8.30 बजे आरंभ होगा।

पहचान पत्र : अपने पहचान पत्र के लिए प्रत्येक छात्र को अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) से संपर्क करना चाहिए। उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह कॉलेज में रहते हुए हर समय इसे अपने पास रखे और कॉलेज के प्राधिकृत स्टाफ सदस्यों द्वारा जब कभी इसे प्रस्तुत करने को कहा जाए, उसे यह प्रस्तुत करना होगा।

उपस्थिति : प्रत्येक छात्रको, शैक्षिक सत्र के दौरान आयोजित किए गए कुल व्याख्यानों/ ट्यूटोरियलों/ आदेशात्मक ट्यूटोरियलों की कुल संख्या के कम से कम दो तिहाई में और प्रयोगात्मक के कम से कम तीन चौथाई में भाग लेना होगा। कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में फील्ड प्रशिक्षण भी अनिवार्य है। छात्रों को पूरे वर्ष

नियमित रहने की सलाह दी जाती है। बीमार हो जाने की स्थिति में छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे ठीक होने के पश्चात कार्य ग्रहण करने पर तुरंत कॉलेज कार्यालय में अपने चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें, ऐसा करने में विफल रहने पर किसी भी आधार पर किसी चिकित्सा प्रमणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। आमतौर पर किसी छात्र को उपस्थिति में कोई छूट नहीं दी जाती। प्रवेश पत्र, कॉलेज के निर्णय के अनुसार जारी किया जा सकता है। कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकटकालीन न्यूनतम उपस्थिति प्रतिशत की शर्त लगा सके और विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों का पालन करे। उपस्थिति की कमी के मामले में, छात्रों को विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार माना जाएगा।

परीक्षा अनुसूची : यह कॉलेज, अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं क्रमशः नवंबर/ दिसंबर और अप्रैल/ मई के महीनों में (विश्वविद्यालय की अनुसूची/दिशानिर्देशों के अनुसार) आयोजित करेगा। कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह किसी छात्र को विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने की अनुमति न दे यदि वह विश्वविद्यालय या कॉलेज की देय धनराशियों का निपटान नहीं करता या निपटान करने में विफल रहता है। ऐसा कोई छात्र, प्राचार्य की ट्रॉफी या सर्वोत्तम छात्र का पुरस्कार आदि के लिए स्वतः ही अनर्हक हो जाएगा।

आंतरिक मूल्यांकन (अध्यादेश VIII-ई) : प्रत्येक पेपर (सिद्धांत और प्रयोगात्मक) में, निरंतर आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के लिए अधिकतम 25% अंक और बाकी 75% अंक वार्षिक/सेमेस्टर विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए निश्चित किए जाएंगे। ऐसा मूल्यांकन, आंतरिक परीक्षा या क्लास टेस्ट (टेस्टों)/प्रश्नोत्तरी (प्रश्नोत्तरियों), असाइनमेंट/ ट्यूटोरियलों/ संगोष्ठियों/ टेस्टों और उपस्थिति पर निम्नलिखित रूप में आधारित होगा:

1. आंतरिक मूल्यांकन के लिए 25% अंकों में से 10% भारांश, सभी पाठ्यक्रमों के सभी पेपरों के लिए कॉलेज द्वारा आयोजित की जाने वाली आंतरिक परीक्षाओं

(वार्षिक परीक्षा योजना के लिए) और क्लास टेस्ट (टेस्टों)/ प्रश्नोत्तरी (प्रश्नोत्तरियों) (सेमेस्टर परीक्षा योजना के लिए) दिया जाता है।

2. प्रत्येक छात्र का मूल्यांकन, लिखित असाइनमेंट/ ट्यूटोरियलों/ परियोजना रिपोर्टों/ आवधिक पेपरों/ संगोष्ठियों के आधार पर किया जाएगा और इसका 10% भारांश होगा।

3. उपस्थिति का भारांश निम्निलखित है: (i) आयोजित किए गए कुल व्याख्यानों का 67% या इससे अधिक परंतु 70% से कम – 1 अंक; (ii) 70% या इससे अधिक परंतु 75% से कम – 2 अंक; (iii) 75% या इससे अधिक परंतु 80% से कम – 3 अंक; (iv) 80% या इससे अधिक परंतु 85% से कम – 4 अंक; और (v) 85% और इससे अधिक – 5 अंक।

कॉलेज की छात्र परिषद्

इस कॉलेज में, स्वयं छात्रों द्वारा निर्वाचित एक बहुत ही गतिशील और सक्रिय छात्र परिषद है। संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में यह कॉलेज के विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित करती है। स्टाफ परिषद् की समितियां, सांस्कृतिक और खेलकूद सचिव नामांकित करती हैं। चार पदों – अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव में से एक पद, छात्रा के लिए आरक्षित है। सभी पदाधिकारी सामान्य तौर पर शैक्षिक सत्र के अंतिम दिन तक पद पर रहते हैं बशर्ते कि उन्हें उनके पद के कार्यकाल के दौरान किसी अनर्हकता द्वारा दंड न दिया गया हो।

कॉलेज की छात्र परिषद में निर्वाचान के सामान्य नियम

माननीय उच्चतम न्यायालय ने डीयूएसयू और कॉलेज की छात्र परिषद् के निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के संबंध में पहले ही दिशानिर्देश दे दिए हैं। छात्र परिषद् का चुनाव कराने के लिए कॉलेज इन दिशानिर्देशों का पालन करेगा, जो निम्नलिखित हैं:

निर्वाचन के इच्छुक के लिए पात्रता संबंधी मापदंड

1. अभ्यर्थी, कॉलेज के किसी नियमित, पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में नामांकित होना चाहिए।
2. निर्वाचन की तारीख को यथास्थिति 17 और 22 वर्ष की आयु के बीच/विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार का स्नातक पूर्व छात्र चुनाव लड़ सकता है।
3. अभ्यर्थी का किसी भी स्थिति में, चुनाव लड़ने के वर्ष में कोई शैक्षिक बकाया नहीं होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी को न्यूनतम 75% उपस्थिति प्राप्त करनी चाहिए।
5. अभ्यर्थी, नामांकन फार्मों की संवीक्षा की तारीख तक कॉलेज के प्रति सभी देय धनराशियों का भुगतान करन देने वाला होना चाहिए।
6. पदाधिकारी के पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए कुल मिलाकर अभ्यर्थी को केवल एक अवसर प्रापत होगा।
7. अभ्यर्थी का न तो कोई पूर्व आपराधिक रिकार्ड होना चाहिए और न ही कॉलेज/विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा उसके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही/कार्रवाई की गई होनी चाहिए।
8. अभ्यर्थी के पास कोई अन्य ऐसा आधार नहीं होना चाहिए जिसे कॉलेज और विश्वविद्यालय की आदर्श आचार संहिता द्वारा अनर्हक के रूप में माना जा सकता है।
9. अंतरण वाले/पुनः दाखिल किए गए छात्रों को, विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी।

निर्वाचन संबंधी खर्च

1. किसी अभ्यर्थी के लिए खर्च की अधिकतम अनुमत सीमा 5000/ होगी।
2. प्रत्येक अभ्यर्थी, परिणामों की घोषणा के दो सप्ताह के अंदर कॉलेज प्राधिकारियों के पास पूरे लेखा परीक्षित लेखे प्रस्तुत करेगा। कॉलेज, एक उचित माध्यम के जरिए, इन लेखाओं के प्रस्तुतीकरण के दो दिन के अंदर सभी

लेखापरीक्षित लेखे प्रकाशित करेगा ताकि छात्र संकाय का प्रत्येक सदस्य स्वतंत्रतापूर्वक इनकी जांच कर सके।

3. अभ्यर्थियों पर, छात्र निकाय से स्वैच्छिक अंशदान के अलावा किसी अन्य स्रोत से निधियों का उपयोग करने से विशेष रूप से प्रतिबंध है।

4. कोई अनुपालन न करने की स्थिति में या कोई अधिक खर्च हो जाने की स्थिति में अभ्यर्थी का चुनाव रद्द हो जाएगा।

निधियों के संग्रहण और प्रायोजन प्राप्त करने पर रोक

खिलाड़ियों, छात्र परिषद और शैक्षिक सोसाइटियों के पदाधिकारियों सहित कॉलेज के छात्र, कॉलेज की ओर से किसी भी तरीके से किसी कंपनी या जनता से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से किसी कंपनी या जनता से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई धनराशि संगृहीत करने या प्रायोजन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत नहीं हैं। किसी छात्र द्वारा इस नियम के किसी उल्लंघन को अनुशासन भंग के रूप में माना जाएगा और कठोर दंड दिया जाएगा, जिसमें निर्वाचित पद से हटायाजाना और/या कॉलेज से निष्कासन और/या विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित करना शामिल है। अधिक परिवर्तनों और स्पष्टीकरणों के लिए कृपया विश्वविद्यालय के दिशानिर्देश देखें।

XI. अनुशासन

अनुशासनहीनता, रैगिंग और यौन उत्पीड़न के मुद्दों के संबंध में कॉलेज, विश्वविद्यालय के अध्यादेशों का अक्षरश: पालन करेगा। इन अध्यादेशों का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है:

(क) यह कॉलेज अनुशासन बनाए रखने के लि प्रसिद्ध है, जिसकी सराहना छात्राओं के माता पिता द्वारा विशेष रूप से की जाती है। प्रोक्टोरियल बोर्ड/संयुक्त परामर्श समिति कॉलेज में मुख्यत: एक स्वस्थ और शांत वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। **छात्रों को यह नोट करना चाहिए कि आचरण के**

निम्नलिखित पहलुओं को अनुशासन भंग और कॉलेज के सामान्य कार्यचालन में हस्तक्षेप माना जाएगा और इसके लिए समुचित कार्रवाई की जा सकेगी:

- सौंपे गए कार्यों और कक्षा कार्य के प्रति लापरवाही;
- किसी कक्षा में व्यवधान पहुंचाना या जोर जोर से संगीत सुनना या क्लास रूम के बाहर चिल्लाना और कॉलेज परिसर में मटरगश्ती करना;
- अध्यापकों या कॉलेज के किसी प्राधिकारी की आज्ञा का उल्लंघन करना या कोई उत्पाति व्यवहार करना;
- क्लास रूम में दुर्व्यवहार, फर्नीचर या उपकरण या कॉलेज की किसी अन्य संपत्ति को क्षति पहुंचाना;
- परेशानी उत्पन्न करने, चिढ़ाने, अवज्ञा की भाषा का इस्तेमाल करने के लिए अन्यों को उकसाना;
- कॉलेज परिसर में धूम्रपान करना;
- किसी भी रूप में रैगिंग करना;
- प्राचार्य की अनुमति के बिना कोई सोसाइटी बनाना और सहपाठियों से धन एकत्र करना;
- अध्यापन ब्लॉक/क्लास रूम/प्राचार्य के कार्यालय के अंदर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना और जोर जोर से संगीत सुनना और अनुमति के बिना कॉलेज परिसर में रिकार्डिंग के लिए फोटो लेना;
- समय समय पर अनुशासन समिति/ प्रोक्टोरियल बोर्ड/प्राचार्य द्वारा सूची में शामिल किया गया कोई अन्य कृत्य;
- किसी छात्र, अध्यापन और गैर अध्यापन स्टाफ के प्रति शारीरिक प्रहार या शारीरिक शक्ति का इस्तेमाल करने की धमकी देना;
- किसी भी तरीके से रिश्वत देना या भ्रष्टाचार का प्रयास करना;
- कॉलेज की संपत्ति को जानबूझकर नष्ट करना;

- धार्मिक या सामुदायिक आधार पर दुर्भावना या असहनशीलता उत्पन्न करना;
- कॉलेज के शैक्षिक कार्यचालन में किसी तरीके से व्यवधान उत्पन्न करना;
- छात्रों को, सामाजिक मीडिया का दुरुपयोग न करने की सलाह दी जाती है।

इसके अलावा, कॉलेज, छात्रों के बीच अनुशासन बनाए रखना सुनिश्चित करेगा जैसाकि अध्यादेश XVख के अंतर्गत अपेक्षित है।

- कॉलेज के प्राचार्य को यह प्राधिकार प्राप्त होगा कि वह कॉलेज में छात्रों पर उन सभी अनुशासनिक शक्तियों का इस्तेमाल करे जो संस्थान को उचित ढंग से चलाने के लिए आवश्यक हैं। वह, कॉलेज में कुछ अध्यापकों के माध्यमसे अपने प्राधिकार का इस्तेमाल कर सकता है या उन्हें प्राधिकार प्रत्यायोजित कर सकता है, जो वह इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से उल्लेख करे।
- दाखिले के समय पर,प्रत्येक छात्र के लिए यह आवश्यक होगा कि वह एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करे कि दाखिल किए जाने पर वह स्वयं को कॉलेज के प्राधिकारी के अनुशासनिक क्षेत्राधिकार में लाता/लाती है।

टिप्पणी : होली के नाम पर उत्पीड़ने करने से विश्वविद्यालय अध्यादेश XV-ख, रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 तथा XV-ङ के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

यदि कोई छात्र किसी नियम का उल्लंघन करता है और अनुशासन भंग करता है तो की जाने वाली कार्रवाई में चेतावनी और/या जुर्मानाऔर/या कक्षाओं या पुस्तकालय से निलंबन या यहां तक कि परीक्षा से विवर्जन या विश्वविद्यालय अध्यादेशों में यथाविनिर्धारित या अध्यादेश XV (ख) और विश्वविद्यालय के नियमों के रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 के आलोक में प्रोक्टोरियल बोर्ड/ प्राचार्य/ विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कार्रवाई शामिल हो सकती है।

(ख) रैगिंग : माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निषिद्ध

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 26/02/2009 के निर्णय सं. 370/04/XI-क के अंतर्गत व्यवस्था दी है कि "किसी भी रूप में रैगिंग, मानवाधिकार का उल्लंघन है।" विभिन्न रूपों, जिन्हें रैगिंग माना जा सकता है, में निम्नलिखित को मुख्य रूप से नोट किया जाए:

1. रैगिंग में, परिचय, चिढ़ाना, आतंकित करना, उत्पीड़न, क्रूरता, डर और शारीरिक तथा मानसिक कष्ट या शोरशराबे वाला, अव्यवस्थित आचरण दर्शाना या कनिष्ठ छात्रों पर क्रियात्मक चुटकुले छोड़ना जैसे क्रियाकलाप शामिल हैं, चाहे वे बोले गए या लिखित शब्दों द्वारा हों या किसी कृत्या द्वारा जिसमें चिढ़ाने का प्रभाव हो।
2. इसका अर्थ ऐसे उपद्रवी या अनुशासित गतिविधि में शामिल होना भी है, जो किसी फ्रेशर या जूनियर छात्र के लिए चिढ़न, कठिनाइयां या मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचाती हो या डर उत्पन्न करती हो या ऐसा करने की संभावना हो।
3. रैगिंग में, किसी जूनियर छात्र को कोई ऐसा कृत्य या कार्य करने को कहना भी शामिल है जो वह छात्र सामान्य रूप से नहीं करेगा और जिसमें शर्म या परेशान होने की भावना उत्पन्न होने का प्रभाव हो ताकि किसी फ्रेशर या जूनियर छात्र के शरीर या मन को प्रतिकूलत: प्रभावित करे।

माननीय न्यायालय के निर्णयों के अनुसार रैगिंग के दोषी पाए गए किसी छात्र को तुरंत कॉलेज से निष्कासित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, पुलिस को सूचित किया जाएगा और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और दिल्ली विश्वविद्यालय सहित समय समय पर सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार भारी दंड के अलावा अपराधकर्ता के विरुद्ध आपराधिक कानून के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाएगा।

रैगिंग : अध्यादेश XV-ग के अंतर्गत निषिद्ध और दंडनीय

यह कॉलेज अपनी रैगिंग प्रतिरोधी समिति के जरिए अक्षरश: ऊपर उल्लिखित अध्यादेश का कठोरता से पालन करता है। किसी रूप में किसी भी प्रकार के रैगिंग का सामना करने वाले किसी छात्र को तुरंत रैगिंग प्रतिरोधी समिति के किसी सदस्य या प्राचार्य के कार्यालय से संपर्क करना चाहिए या वह निम्नलिखित रूप में भी संपर्क कर सकता है:

- 100 डायल कर सकता है या निकटतम पीसीआर वैन को सूचित करता है।
- 1091 पर कॉल कर सकता है।
- पोस्ट बॉक्स नंबर 5353, नई दिल्ली 110021 पर शिकायत लिख सकता है।

(ग) यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निषेध और दंड

यह कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यादेश का अक्षरश: कठोरता से पालन करता है। यह, छात्रों, शिक्षकों और दिल्ली विश्वविद्यालय के गैर अध्यापन स्टाफ के लिए यौन उत्पीड़न मुक्त शैक्षिक और कार्य वातावरण बनाए रखने और उत्पन्न करने का प्रयत्न करता है। अध्यादेश, इसमें विनिर्दिष्ट नियमों और प्रक्रियाओं की सीमा तक दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों और निवासियों पर भी लागू होता है। कॉलेज द्वारा प्राप्त ऐसी शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) गठित की गई है। अधिक जानकारी के लिए आप कॉलेज की वेबसाइट और अन्य संबंधित वेबसाइट देख सकते हैं।

http://indiacode.nic.in/acts-in-pdf/142013.pdf

सूचना का अधिकार अधिनियम

- सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदनपत्र, प्राचार्य, डॉ. भीम राव अम्बेडकर कॉलेज को भुगतानयोग्य 10/ रुपए के विनिर्धारित शुल्क का भुगतान करके दिया जा सकता है। प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (प्राचार्य) के समक्ष अपील भी प्रस्तुत की जा सकती है।
- सुसंगत धाराओं के अंतर्गत तैयार किए गए मैनुअल कॉलेज की वेबसाइट www.drambedkarcollege.ac.in पर उपलब्ध हैं।
- कॉलेज का लोक सूचना अधिकारी : डॉ. एम.एस. वत्स (9868726525); सहायक लोक सूचना अधिकारी : डॉ. रविंद्र सिंह--~~(9999570108)~~; ~~श्रीमती~~------ रामा सोइन (9868133503) और अपीलीय प्राधिकारी / प्राचार्य।

XII. शैक्षिक और खेलकूद में प्रमुख उपलब्धियां

हमारे अनेक छात्र, विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में और अंतर कॉलेज, अंतर विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है:

1. शैक्षिक		
शैक्षिक क्षेत्रों में विश्वविद्यालय स्थान धारक		
2012	2013	2014
प्रथम स्थान एकता सिंह, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) विपिन खरकवाल, बी.ए. (ऑनर्स) एचजेएंडएमसी (दूसरा वर्ष) **दूसरा स्थान** सुदिती झा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष) **तीसरा स्थान**	**प्रथम स्थान** सुदिती झा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) विपिन खरकवाल, बी.ए. (ऑनर्स) एचजेएंडएमसी (तीसरा वर्ष) ज्योति, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष) **दूसरा स्थान** अपर्णा शर्मा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष)	**प्रथम स्थान** ज्योति, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) **दूसरा स्थान** अपर्णा शर्मा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) **तीसरा स्थान** अंकित भदौरिया, सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष)

पौरुष, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष) अनुराग मित्तल, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष)		

2.1 खेलकूद

खेलकूद में छात्रों की उपलब्धियां (2017 18)

खेलकूद	प्रतियोगिता का प्रकार	स्थान	व्यक्ति/विजेता टीम का नाम
क्रिकेट	अंतर-विश्वविद्यालय	-	संदीप सैनी, अंकुर तेवतिया
हैंड बाल	राज्य	-	सचिन
सॉफ्टबाल	वरिष्ठ राष्ट्रीय	-	शिवम देवाडी, शैलेंद्र
	अंतर-कॉलेज	द्वितीय	दिक्षा, हर्शिता, वर्षा, सपना, भावना
पेसापोलो	राष्ट्रीय	द्वितीय	दिक्षा, हर्शिता, वर्षा, सपना, भावना, रितिका, तर्रनुम, अंजलि
निशानेबाजी	विश्व विश्वविद्यालय कैम्प	चयनित	अनुराग सिंह
	राष्ट्रीय		अनुराग, आरजू, प्रतीक जैन, अजय तोमर, निलेश तंवर
	अंतर-कॉलेज	चतुर्थ	अनुराग, प्रतीक जैन, निखिल
बेस बाल	अंतर-विश्वविद्यालय	-	दीपक जैन, अरशद, नवीन, शकिल
	अंतर-कॉलेज	प्रथम	दीपक जैन, अरशद, नवीन, शकिल, प्रकाश, प्रकाश दूबे, कुलदीप, दिपांशु, शिवम, शैलेंद्र, सलमान
वॉलीबाल	अंतर-विश्वविद्यालय	-	दीपक, अनुराग, कर्मवीर
बास्केटबाल	राज्य	-	तुषार डबास
फुटबाल	अंतर-विश्वविद्यालय	-	वैभव त्यागी
नेट बाल	राज्य	तृतीय	जसविंदर, राज, तुशार, सुमित
खो खो	अंतर-विश्वविद्यालय	चतुर्थ	सुमित त्यागी

2.2 अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर भिन्न–भिन्न खेलों/खेलकूद प्रतियोगिताओं में कॉलेज के छात्रों की सहभागिता

खेल/खेलकूद	प्रतियोगिता का प्रकार	भाग लेने वाले छात्र का नाम
बेसबाल	अंतर-विश्वविद्यालय	दीपक, जतिन, अरशद, नवीन, शकिल

	अंतर-कॉलेज	दीपक, जतिन, अरशद, नवीन, शकिल, प्रकाश, प्रकाश दूबे, कुलदीप, दिपांशु, शिवम, शैलेंद्र, सलमान
सॉफ्टबाल	वरिष्ठ राष्ट्रीय	शिवम देवाडी, शैलेंद्र
	अंतर-कॉलेज	दीपक, जतिन, अरशद, नवीन, शकिल, प्रकाश, प्रकाश दूबे, कुलदीप, दिपांशु, शिवम, शैलेंद्र, सलमान
पेसापोलो	राष्ट्रीय	दिक्षा, हर्शिता, वर्षा, सपना, भावना, रितिका, तर्रनुम, अंजलि
निशानेबाजी	विश्व विश्वविद्यालय कैम्प	अनुराग सिंह
	राष्ट्रीय	अनुराग, आरजू, प्रतीक जैन, अजय तोमर, निलेश तंवर
	अंतर-विश्वविद्यालय	अनुराग, प्रतीक जैन, निखिल
वॉलीबाल	अंतर-विश्वविद्यालय	दीपक, अनुराग, कर्मवीर, अमित, अनिल, विनय, अभीर, प्रवीर, विक्रांत, शिभम, कपिल
	अंतर-विश्वविद्यालय	दीपक, अनुराग, करमवीर
खो-खो	अंतर-विश्वविद्यालय	सुमित त्यागी
बासकेटबाल	राज्य	तुषार डबास
फुटबाल	अंतर-विश्वविद्यालय	वैभव त्यागी
क्रिकेट	अंतर-विश्वविद्यालय	संदीप सैनी, अंकुर तेवतिया
हैंडबाल	राज्य	सचिन
नेटबाल	राज्य	जसविंदर, राज, तुषार, सुमित

XIII. प्रत्येक पाठ्यक्रम का वर्ष वार विवरण

शैक्षिक सत्र		2013			2014			2015			2016			2017		
पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष	शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता	
			पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन
बी.ए. (कार्यक्रम)	I	269	98	44	-	-	-	237	223	111	312	98.7	65.7	233	95.49	43.84
बी.ए. (कार्यक्रम)	II	217	99	52	260	98	49				231	94.3	72.2	293	97.99	55.85
बी.ए. (कार्यक्रम)	III	228	76	31	215	83	59	235	179	129	-	-		215	93.88	74.23
बी. कॉम	I	158	91	56	-	-	-	159	159	94	176	100	51.13	196	95	76
बी. कॉम	II	155	92	51	154	142	64	149	87	79	147	100	73	173	97	91.03
बी. कॉम	III	124	87	49	119	98	91	-	-	-	-	-	-	108	73	83.33
बी. कॉम (ऑनर्स)	I	92	100	42	227	219	155	103	103	41	120	100	60	136	100	45.58
बी. कॉम (ऑनर्स)	II	98	100	54	108	99	58	210	210	150	98	100	68.3	119	100	69.74

बी. कॉम (ऑनर्स)	III	94	99	58	105	80	73	109	74	69	209	98	81.3	93	94	74.74
बी.ए.(ऑनर्स) एच.जे.एम.सी.	I	25	100	52	28	100	57	58	58	37	68	100	86.76	58	95.08	50.81
बी.ए.(ऑनर्स) एच.जे.एम.सी.	II	33	99	13	25	100	48	28	28	08	58	98.2	70.6	69	100	60
बी.ए.(ऑनर्स) एच.जे.एम.सी.	III	22	100	18	32	81	63	25	25	17	28	100	57.10	56	96.55	74.13
बी.ए.(ऑनर्स) सामाजिक कार्य	I	51	98	24	63	96	59	49	94	39	59	98.3	54.23	62	86,8	38.7
बी.ए.(ऑनर्स) सामाजिक कार्य	II	52	100	33	56	100	39	63	90	37	47	85.74	53.19	54	100	64.8
बी.ए.(ऑनर्स) सामाजिक कार्य	III	44	82	36	52	59	35	54	76	54	59	94.91	54.23	46	97.87	56.52
बी.ए.(ऑनर्स) भू.	I	52	100	44	52	98	77	57	57	40	58	96.55	82.75	67	100	80
बी.ए.(ऑनर्स) भू.	II	63	98	73	52	51	77	87	87	76	54	98	90.74	56	100	69.64
बी.ए.(ऑनर्स) भू.	III	52	96	52	62	49	36	50	47	40	86	98.8	93	53	98.1	94.33
बी.ए.(ऑनर्स) बीई	I	55	100	22	58	58	88	47	47	14	58	100	56	44	95.6	27
बी.ए.(ऑनर्स) बीई	II	31	100	58	55	55	24	54	32	30	46	95	52	54	100	37
बी.ए.(ऑनर्स) बीई	III	53	96	53	33	26	25	58	58	39	58	100	86	41	89	56
बी.ए.(ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनो.1003476.47	I	28	89	28	63	78	52	31	31	19	42	88	50	52	100	51.92
बी.ए.(ऑ10290न 75.86र्स) अनुप्र550.943युक्त मनो.	II	22	95	24	26	26	08	46	46	45	29		79.3	34	100	76.47
बी.ए.(ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनो.	III	28	100	36	21	21	15	26	19	12	46		84	29	100	75.86
बी.ए.(ऑनर्स) इतिहास	I	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	53	100	50.94

XIV. कॉलेज प्रशासन

प्रधानाचार्य: डॉ. जी.के. अरोड़ा, **बुरसर:** डॉ.एम.एस. वत्स (9868726525); **प्राचार्य के वरिष्ठ निजी सहायक:** श्री राम कुमार (9810485929); **परामर्शदाता:** श्री वीर सिंह (9891339820); **अनुभाग अधिकारी (प्रशासन):** सुश्री रमा सोइन (9868183503); **अनुभाग अधिकारी (लेखा):** श्री जोगेंद्र सिंह (9999598337); **रोकडिया:** श्री राजीव सक्सेना (9873104077)/ श्री अनिल कुमार (9013057477)

संयोजक, रैगिंग प्रतिरोधी: डॉ. सुजित कुमार (8802063375); **एनसीसी अधिकारी:** केयरटेकर, सेना विंग: डॉ. राजबीर वत्स (9968141409); केयरटेकर, सेना विंग (छात्राएं): सुश्री कणिका (9873645895); एएनओ, नेवल विंग: डॉ. अरविंद यादव (9810714856); **एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी:** डॉ. अवतार सिंह (9650733567); **समन्वयक, समान अवसर सैल:** डॉ. ओम मिश्रा (8800270471); **ओबीसी संपर्क अधिकारी:** डॉ. रविंद्र सिंह (9999570108); **अ.जा./अ.ज.जा. संपर्क अधिकारी:** श्री पुरुषोत्तम (9910056690); **नोडल अधिकारी, तंबाकू प्रतिरोधी दल:** डॉ. अनविंद यादव (9810714856); **नोडल लोक शिकायत अधिकारी:** सुश्री सुनिता चाकी (9810446649); **संयोजक, रेड रिबन क्लब:** डॉ. ऋचा चौधरी (9868819799); **पूर्वोत्तर/ विदेशी छात्रों के लिए परामर्शी समिति एवं कल्याण कक्ष:** सुश्री एन. विक्टोरिया चानु (9891979365)

XV. 2018 19 के लिए कॉलेज समितियां

स्टाफ परिषद सचिव : डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)		
समितियां	**संयोजक**	**सह संयोजक**
समय सारणी	डॉ. सरला भारद्वाज (9810428322)	डॉ. तुलिका सनाध्या (9891013364)
सांस्कृतिक	डॉ. संगीता धाओर (9911875003)	डॉ. चित्रा रानी (9818880325)
खेलकूद	डॉ. के.के. शर्मा (9718964963)	डॉ. ललित कुमार (9811197931)
विचार-विमर्श	डॉ. दिलजीत कौर (9811592966)	डॉ. अरविंद यादव (9810714856)
पत्रिका	डॉ. कुसुम नेहरा (9868884998)	डॉ. मंजू एलावादी (9213434752)
एनएसएस	डॉ. अवतार सिंह (9650733567)	डॉ. इंदिवर मिश्रा (9811387420)
पुस्तकालय	डॉ. वी.पी. सिंह (9868031260)	डॉ. राजेंद्र प्रसाद (9968044903)
प्रशासन	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)	डॉ. नलिन कुमार (9891463008)
कार्य भार	डॉ. अतुल प्रताप सिंह (9868981107)	डॉ. बिजेंद्र कुमार (9312403164)
छात्र कल्याण/ शुल्क रियायत	डॉ. मंजू ऐलावादी (9223434752)	डॉ. पुरुषोत्तम (9910056690)
छात्र अनुशासन	डॉ. अरविंद यादव (9810714856)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)
छात्र परिषद	डॉ. चित्रा रानी (9818880325)	डॉ. डी.के. पांडे (9811949193)

परामर्शी		
संगोष्ठी/सेमिनार सहभागिता	डॉ. पी.के. सिंह (9213901044)	डॉ. जितेंद्र सरोहा (9899050870)
दाखिला शिकायत	डॉ. पूनम मित्तल (9811077565)	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)

अन्य कॉलेज समितियां

समितियां	संयोजक	सह संयोजक
कैंटीन	डॉ. पी.के. सिंह (9213901044)	डॉ. सरला भारद्वाज (9810428322)
सत्यापन	डॉ. राजेश उपाध्याय (9811949193)	डॉ. मालिनी प्रिया (9968467282)
गार्डनिंग	डॉ. ललित कुमार (9811197931)	डॉ. के.के. शर्मा (9718964963)
प्लेसमेंट	डॉ. ललित कुमार (9811197931)	डॉ. तुष्टि भारद्वाज (9711474047)
पूर्व-छात्र क्लब	डॉ. राजबीर वत्स (9968141409)	डॉ. तुष्टि भारद्वाज (9711474047)
कंप्यूटर प्रयोगशाला विकास	श्री पुरुषोत्तम (9910056690)	डॉ. बी.एम. दाश (9910718789)
रेड रिबन क्लब	डॉ. ऋचा चौधरी (9868819799)	डॉ. मालिनी प्रिया (9968467282)
तंबाकू-प्रतिरोधी	डॉ. अरविंद यादव (9810714856)	डॉ. रविंद्र सिंह (9999570108)
समान अवसर सैल	डॉ. ओम मिश्रा (8800270471)	डॉ. नीरव अदलजा (9968008007)
केंद्रीय क्रय	डॉ. पी.के. सिंह (9213901044)	श्री पुरुषोत्तम (9910056690)
विशेष श्रेणी दाखिला समर्थन	डॉ. धनंजय (अ.जा./अ.ज.जा., 9968456688); डॉ. रविंद्र सिंह (अ.पि.वर्ग, 9999570108); डॉ. ओम मिश्रा (ईओसी, 8800270471); डॉ. एन. विक्टोरिया चानु (पूर्वोत्तर/विदेशी, 9891979365)	
जेंडर संवेदीकरण एवं महिला विकास	डॉ. संगीता शर्मा (9810423958)	डॉ. मोनिका अहलावत (9811588626)
पूर्वोत्तर सैल/विदेशी छात्र	डॉ. एन. विक्टोरिया चानु (9891979365)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)
विवरणिका	डॉ. इंदिवर मिश्रा (9811387420)	डॉ. सुनिता मलिक (9873015929)
परामर्श	डॉ. ऋचा चौधरी (9868819799)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)

अस्वीकरण

यह विवरणिका, संचालक (डॉ. इंदिवर मिश्रा), विवरणिका के माध्यम से, इसमें अंदर यथाउल्लिखित,

भिन्न-भिन्न प्रशासनिक अनुभागों, कॉलेज समिति संचालकों और शिक्षक प्रभारियों से प्राप्त और संगृहीत इनपुटों/सामग्रियों का एक संकलन है। समिति की सहायता, गैर अध्यापन स्टाफ से श्री कनिष्क नौटियाल द्वारा भी की गई। विश्वविद्यालय के स्रोतों से ली गई अन्य विषय वस्तु, नियमों और उपबंधों, जो समय समय पर परिवर्तन की शर्त के अधीन हैं, का पुनः प्रस्तुतीकरण और सूचना का संपादन करते समय उचित सतर्कता बरती गई है। यहां प्रस्तुत की गई सूचना केवल एक मोटी रूपरेखा है और निदर्शनात्मक है। इसका इस्तेमाल कानूनी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता और न ही इसे सूचना की परिशुद्धता की वारंटी के रूप में माना जाना चाहिए। हालांकि प्रामाणिक सूचना उपलब्ध कराने के लिए हर सतर्कता बरती गई है, परंतु अनजाने में हुई किसी गलती और मुद्रण त्रुटियों के कारण पहुंची किसी हानि या क्षति के लिए कॉलेज जिम्मेदार नहीं होगा। इस विवरणिका के मुद्रित अंग्रेजी और हिंदी रूपांतर के बीच किसी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी रूपांतर को सही माना जाएगा और यही लागू होगा।

विवरणिका का हिंदी संस्करण कॉलेज की वेबसाइट drambedkarcollege.ac.in पर उपलब्ध है।

ALUMNI CLUB

WELCOME DELEGATES FROM ACROSS INDIA

INTERNATIONAL CONFERENCE
"Strategies For Promoting Inclusive Development"

ALUMNI CLUB
M RAO AMBEDKAR COLLEGE
(UNIVERSITY OF DELHI)
AZIRABAD ROAD, DELHI - 110094

ALUMNI CLUB
R. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE

पुरस्कार वितरण समारोह

STUDENT CENTRIC PROGRAMME
"ABHIVYAKTI"
ABHIVYAKTI

Guide to College Location



Our College is a Smoking Free Zone

An Important Milestone

1991	2018
No. of Courses -3	No. of Courses -11
No. of students-150	No. of students -3023
Faculty Strength – 10	Faculty Strength- 117

DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE

डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय

(University of Delhi)

Main Wazirabad Road, Yamuna Vihar, Delhi-110094
Website www.drbrambedkarcollege.ac.in
E-mail: info@drbrambedkarcollege.ac.in, brambedkarcollege.du@gmail.com
Ph. 011-22814126 Telefax- 22814747

Price Rs. 130/-